हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- ब्रेक फेल होने से बड़ा हादसा
- तेंदूपत्ता तोड़ाई कर जंगल से लौट रहे थे सभी
- एक ही वाहन में 30 से ज्यादा थे सवार





## रोड एक्सीडेंट को लेकर हरिभूमि ने 22 दिन पहले ही चेताया था




रायपुर। कवर्धा में सोमवार को पिकअप पलटने से मां-बेटी सहित 18 महिलाओं की दर्दनाक मौत हुई है। एक्सीडेंट की वजह मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक लोगों को बैठाया जाना है। उल्लेखनीय है कि ओवर लोडिंग से हादसे होने को लेकर हरिभूमि ने 22 दिन पूर्व ही 28 अप्रैल को खबर प्रकाशित की थी। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, जिसकी वजह

हरिभूमि तत्काल

शेष पेज 7 पर

# 19 आदिवासी श्रमवीरों की मौत

## कवर्धा इलाके में कोहराम

### 20 फीट गड्ढे में गिरा पिकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास सोमवार को दोपहर तेज रफ्तार पिकअप पलटकर 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, 7 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें चार को हायर सेंटर रेफर किया गया है। सभी आदिवासी समाज से हैं। ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद एक पिकअप में सवार होकर जंगल से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

खबर के मुताबिक सोमवार को सेमहारा गांव के 30-35 ग्रामीण महिला- पुरुष पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 09 जेडी 5670 में सवार होकर तेंदूपत्ता तोड़ने कुकदुर थाना क्षेत्र के जंगलों में गए थे। तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ता तोड़ाई करने के बाद दोपहर में उसी वाहन से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपानी के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही 15 ग्रामीणों मौत हो गई और दस लोग घायल हो गए। घायल ग्रामीण मजदूर दर्द से कराहते हुए मदद की गुहार लगा रहे थे। घटना की

शेष पेज 7 पर

### मृतकों के नाम...

- मिला बाई (48) पति बंजारी
- टीकू बाई (40) पति गुलाब सिंह
- सिरदारी (45) पुत्र सिलाब गोंड
- जनिया बाई (35) पति जनऊ गोंड
- मुंगिया बाई (60) पति बजरू मरावी
- झंगलो बाई (62) पति धनीराम
- सिया बाई (50) पति तिरीत गोंड
- किरण (15) पिता शिवनाथ
- पटोरिन बाई (35) पति दयाराम गोंड
- धनैया बाई (48) पति सिरदारी गोंड
- शांति बाई (35) पति शिवनाथ
- प्यारी बाई (40) पति फूलचंद
- सोनम बाई (16) पिता फूलचंद
- विस्मत बाई (45)
- लीला बाई (35) पति मानसिंह
- परसदिया बाई (30) पति रामचंद्र
- भारती (13) पिता मानसिंह
- सुन्ती बाई (45) पति मदन सिंह





### मरने वालों में 18 महिलाएं शामिलः एसपी

एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि हादसे के दौरान पिकअप में 25 लोग सवार थे। मरने वालों में 18 महिलाएं शामिल हैं। इनमें मां-बेटी सहित 3 बच्चियां भी हैं। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। सभी लोग तेंदूपत्ता तोड़कर गांव लौट रहे थे। हादसे में मौके पर ही 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी तरफ ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के समय पिकअप में 30 से 35 लोग सवार थे। ब्रेक फेल होने से हादसे की आशंका भी जताई जा रही है। वाहन चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### वाहन का ब्रेक फेल हुआः उपमुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर जानकारी आ रही है कि वाहन का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके कारण वह अनियंत्रित हो गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। और जांच के बाद ही हादसे के कारण का पता चलेगा। प्रशासन घायलों की हर संभव मदद कर रहा है। कवर्धा विधायक व डिप्टी सीएम विजय शर्मा हादसे की सूचना मिलते ही राजधानी के कार्यक्रम रद्द कर कवर्धा रवाना हो गए थे।

### राष्ट्रपति, पीएम ने जताया शोक



हादसे पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं।

### सीएम साय ने दुख जताया, मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख



हादसे पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और सीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर जानकारी दी कि शासन मृतकों के परिजनों को 5 लाख मुआवजा देगी। घायलों को 50 हजार की सहायता राशि मिलेगी। इसके अलावा बीमा की अतिरिक्त राशि मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल ने भी गहरा शोक व्यक्त किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित देश-प्रदेश के कई नेताओं ने दुख जताया है।




## बंगाल में हिंसा, ओडिशा में ईवीएम खराब, कश्मीर में टूटा रिकॉर्ड


### लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 59 फीसदी मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कुछ स्थानों पर ईवीएम में खराबी और उत्तर प्रदेश के एक गांव में चुनाव के बहिष्कार की खबरों के बीच छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीट पर सोमवार को अपराह्न तीन बजे तक करीब 59 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ बूथ पर भी ईवीएम में खराबी की खबर मिली। पश्चिम बंगाल के सात लोकसभा क्षेत्रों में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के कारण मतदान प्रभावित हुआ। वहीं, बैरकपुर, बनगांव और आरामबाग निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न हिस्सों में तृणमूल कांग्रेस

- राजनीतिक दलों से 1,036 शिकायतें

शेष पेज 7 पर



### बारामूला में 40 साल का टूटा रिकॉर्ड

जम्मू-कश्मीर में बारामूला लोकसभा सीट पर 59 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े हैं। यह बीते 40 साल में अबतक का सबसे ज्यादा मतदान है। सीट पर कुल मतदान 59 प्रतिशत पड़े हैं। इससे पहले 1984 में 58.84 फीसदी मतदान हुआ था। बारामूला में 2019 के लोकसभा चुनाव में 34.89 प्रतिशत वोट पड़े थे। बांदीपुरा, बीरवाह, बडगाम, गुलमर्ग, करनाह, कुपवाड़ा, लोलाब, पट्टन, राफियाबाद, सोनावारी, त्रेहगाम, बारामूला और वागूर-क्रीरी क्षेत्रों में 40-40 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, जबकि सोपोर में सबसे कम 31.11 प्रतिशत वोट पड़े हैं। बारामूला लोकसभा सीट पर सोमवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ।

### यूपी में गड़बड़ी का आरोप

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया और भाजपा पर राही ब्लॉक के बेला खरा गांव में तीन मतदान केंद्रों पर लोगों को वोट नहीं डालने देने का दावा किया। कांग्रेस ने 'एक्स' पर कहा, रायबरेली के सरेनी में बूथ संख्या पांच रसूलपुर सुबह आठ बजे से बंद है। गोंडा संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार श्रेया वर्मा ने निर्वाचन आयोग से निर्वाचन क्षेत्र के मनकापुर इलाके में दो मतदान केंद्रों 180 और 181 पर निष्पक्ष चुनाव नहीं होने की शिकायत की। कौशांबी से मिली खबरों के मुताबिक, हिसामपुर माधो गांव के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया।

### ओडिशा में ऑटो चालक की हत्या

ओडिशा में बारगढ़ जिले के सरसरा के पास कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक ऑटो-रिक्शा चालक की कथित तौर पर हत्या कर दी। वह कुछ मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जा रहा था। वहीं, मृतक के परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि यह राजनीतिक रूप से प्रेरित हत्या है। वहीं, पुलिस का कहना है कि अपराध के पीछे का कारण व्यक्तिगत दुश्मनी हो सकती है। ओडिशा के कुछ स्थानों पर ईवीएम में गड़बड़ी की सूचनाएं मिलीं।

## खबर संक्षेप

### गोवा में पर्यटक नाव से 26 का किया रेस्क्यू



**पणजी।** भारतीय तटरक्षक बल ने खराब मौसम के कारण गोवा के मडगांव बंदरगाह के पास फंसी एक पर्यटक नाव से 24 यात्रियों और चालक दल के दो सदस्यों को सुरक्षित नौका से बाहर निकाल लिया।

### शिखर फॉल के पास जीप खाई में गिरी, दो की मौत

**देहरादून।** राजपुर क्षेत्र में स्थित पर्यटन स्थल शिखर फॉल के पास सोमवार को एक जीप के गहरी खाई में जा गिरने से उस पर सवार दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। तीन अन्य घायल हो गए। हादसा शिखर फॉल घूमने के बाद सुबह घर लौटते समय हुआ।

## विवादित एसआई भर्ती मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# महिला प्लाटून कमांडर अभ्यर्थियों को हटाकर पुरुषों की होगी भर्ती

*45 दिनों के अंदर प्रक्रिया पूरी करने निर्देश, 90 दिनों में नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के विवादित और बहुप्रतीक्षित एसआई भर्ती परीक्षा मामले में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने 370 प्लाटून कमांडर महिला अभ्यर्थियों को हटाकर एसआई पद पर पुरुषों की भर्ती करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने 45 दिनों के अंदर यह प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस आदेश से एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर पुरुष अभ्यर्थियों को राहत मिली है।

इस मामले में सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने ये फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती परीक्षा में

शेष पेज 7 पर

### याचिका में अनियमितता के आरोप



पुलिस विभाग में सूबेदार, सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर समेत अन्य 975 पदों पर भर्ती के लिए सितंबर 2021 में विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें से प्लाटून कमांडर के 247 पदों पर भर्ती होनी थी। विज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि महिला उम्मीदवार प्लाटून कमांडर के लिए पात्र नहीं होंगी। 16 मई 2023 को मुख्य परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है।

शेष पेज 7 पर





# हरिभूमि रण भूमि

लोकसभा

## सत्ता संग्राम-2024




आमिर खान, किरण राव


डेविड व वरुण धवन


धर्मेंद्र एवं हेमामालिनी


रितिक रोशन सपरिवार

*नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के लिए सोमवार को देश के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 49 सीटों पर मतदान हुआ। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड समेत दो केंद्र शासित प्रदेश- जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। इस दौरान राजनेताओं, उद्योग जगत, सिनेमा व खेल की कई बड़ी हस्तियों ने जमकर वोट किया।*

# राजनेता, क्रिकेटर फिल्मी हस्तियों ने किया मतदान


मुकेश अंबानी सपरिवार

## पांचवे चरण के तहत महाराष्ट्र सहित देश के 8 राज्यों में हुई वोटिंग


अमिताभ बच्चन सपरिवार

### फिल्म व स्पोर्ट्स स्टारों ने दिखाई जागरुकता

मुंबई में फिल्म जगत के कई बड़े चेहरों ने जुहू में वोट किया। इस बीच बॉलीवुड के अभिनेता अमिताभ बच्चन भी वोट डालने के लिए अपने पूरे परिवार के साथ जमनाबाई बूथ पहुंचे। इनके अलावा, अक्षय कुमार, फरहान अख्तर, जाह्नवी कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, राजकुमार राव, अनुपम खेर और धर्मेंद्र जैसे कई सितारों ने वोट किया। अक्षय ने नागरिकता मिलने के बाद पहली बार मतदान किया। खेल जगत में दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव आदि भी पोलिंग बूथ पर नजर आए।


जान्हवी कपूर


अमृता व सारा


सचिन व अर्जुन तेंदुलकर


आजिंक्य रहाणे



सूर्य कुमार यादव


आनंद महेंद्रा

### राजनेता, उद्योग जगत के बड़े नाम भी दिखे

राजनीतिक हस्तियों राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, सुधांशु त्रिवेदी उद्योग जगत के बड़े नाम मुकेश अंबानी सपरिवार, आनंद महेंद्रा भी अपने-अपने राज्यों में मतदान करते नजर आए।


महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस


राजनाथ सिंह


स्मृति ईरानी


उद्धव ठाकरे सपरिवार

## सोशल मीडिया

### ईडी की कार्रवाई में सरकार का रोल नहीं : राजनाथ



ईडी जांच मामले में राजनाथ सिंह ने कहा कि जांच एजेंसी की कार्रवाई में सरकार कुछ नहीं करती है। आपने भ्रष्टाचार किया है तभी आप पर कार्रवाई हो रही है। अगर आप निर्दोष हैं तो कोर्ट में जाइए लेकिन कोर्ट से भी आपको राहत नहीं मिलती है। आपको जमानत तक नहीं मिलती। मतलब साफ है कि आपने भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने जेल में बंद झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन पर निशाना साधा और कहा कि पहली बार हमने देखा कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री 24 घंटे तक लापता रहा।

### बीजेपी हो गई है चारों खाने चित्त : अखिलेश यादव



कन्नौज से चुनाव लड़ रहे अखिलेश यादव ने बीजेपी के '400 पार' के नारे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि बीजेपी और उनकी पार्टी के सहयोगियों की चारों खाने चित्त हो चुकी है। जो अब तक 400 पार का नारा दे रहे थे, वो अब नारे को नहीं दोहरा पा रहे हैं। देश की कुल सीटों में बीजेपी केवल 143 सीटें जीत रही है। शायद ये भी ज्यादा है। जनता इनको 140 सीटों के लिए तरसा देगी। यूपी की 80 सीटों में 79 हम जीत रहे हैं। लड़ाई बस क्योटो में है। क्योटो वो सीट है, जहां से पीएम मोदी चुनाव लड़ रहे हैं।

## नासिक लोकसभा उम्मीदवार ने ईवीएम पर चढ़ाई माला



एजेंसी ▶▶| नासिक

**पुलिस ने दर्ज किया केस**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत महाराष्ट्र के नासिक लोकसभा में भी वोटिंग हुई। इसी दौरान वोट देने आए नासिक लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी शांतिगिरी महाराज ने ईवीएम पर माला चढ़ा दी। ईवीएम पर माला चढ़ाने की वजह से शांतिगिरी पर नासिक पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। नासिक से शिवसेना (शिंदे गुट) की ओर से हेमन्त गोडसे उम्मीदवार हैं। हेमन्त गोडसे नासिक से वर्तमान सांसद हैं। वह साल 2014 और 2019 में नासिक लोकसभा से जीत दर्ज कर चुके हैं। जबकि शिवसेना (उद्धव गुट) ने राजाभाऊ वाजे को प्रत्याशी बनाया है। जबकि स्वामी शांतिगिरी महाराज निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में हैं।शांतिगिरी महाराज चुनाव लड़ने के लिए उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दोनों से मिले थे।

### *वेरुल मठ के मठाधीश हैं शांतिगिरी महाराज*

नासिक जिले में लाखलगांव के रहने वाले शांतिगिरी महाराज वेरुल मठ के मठाधीश और जनार्दन स्वामी के उत्तराधिकारी हैं। वह एक आध्यात्मक गुरू हैं और उसी दिशा में कार्य करते रहते हैं। 20 मई को वोटिंग के दौरान शांतिगिरी ने मतदान के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंची। जहां उन्होंने पहले मतदान किया और फिर ईवीएम मशीन पर फूलों की माला चढ़ाने लगे।

## राजा भैया ने किया बीजेपी को हराने के लिए वोट!

एजेंसी ▶▶| कौशांबी



■ अनुप्रिया पटेल के बयान पर बोले

उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर पांचवें चरण में वोटिंग हुई। कौशांबी लोकसभा सीट पर भी वोटिंग हुई। इसी लोकसभा सीट के अंतर्गत कुंडा विधानसभा क्षेत्र भी आता है, जहां से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया हैं। राजा भैया पिछले कुछ समय से काफी चर्चा में हैं। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने दो दिन पहले ही एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजा भैया पर निशाना साधा था। अब राजा भैया की भी प्रतिक्रिया आई है और लोग सवाल भी कर रहे हैं कि क्या उन्होंने भाजपा को हराने के लिए वोट किया है।

### 'अनुप्रिया पटेल को मुझसे क्या कुंठा है, पता नहीं'

अनुप्रिया पटेल के बयान पर राजा भैया ने कहा, "राजा या रानी अब पैदा होना बंद हो गए हैं। 7-8 दशकों से राजा, रजवाड़े समाप्त हो गए हैं। ईवीएम से राजा नहीं पैदा होता है, जनसेवक पैदा होता है। जनता का प्रतिनिधि पैदा होता है। ईवीएम से पहले पैदा होने वाले लोग अपने आप को राजा मान लेंगे, तो लोकतंत्र की मूल भावना खत्म हो जाएगी। अनुप्रिया पटेल को सामने वाले प्रत्याशी के खिलाफ बोलना चाहिए। पता नहीं उनको मुझे क्या कुंठा है। हम तो चुनाव भी नहीं लड़ रहे हैं, ना ही हम किसी को समर्थन कर रहे हैं।"

**मतदान दल के सभी सदस्य निलंबित**

## यूपी के एटा में एक लड़के ने किया 8 बार मतदान

**अखिलेश की शिकायत पर हुआ गिरफ्तार**



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई थी। इस चरण में 13 मई को एटा में भी मतदान हुआ था और इसी दौरान एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमे एक लड़के ने 8 बार वोट डाल दिया। पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है और मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। वीडियो में कई बार वोट करते दिख रहे व्यक्ति की पहचान खिरिया पमारान गांव निवासी राजन सिंह पुत्र अनिल सिंह के रूप में हुई है। राजन ने वोटिंग के बाद हर बार का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड भी कर दिया। घटना का वीडियो आने के बाद मतदान दल के सभी सदस्यों को सस्पेंड करने का भी आदेश दे दिया गया है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने मतदान दल के सभी सदस्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के भी निर्देश जारी किए हैं। संबंधित बूथ पर फिर से वोटिंग की मांग की गई है। इस मामले को लेकर फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी आयुष चौधरी ने बयान दिया है और कहा कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच मैं दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने ये भी बताया है कि वीडियो में जो शख्स दिख रहा है, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है और सख्त एक्शन की तैयारी भी की गई है।

### वायरल हो रहा वीडियो

वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे एक युवक 8 बार वोटिंग करता है। वह बार-बार पोलिंग बूथ पर आता है और हर बार बीजेपी के प्रत्याशी के लिए ईवीएम का बटन दबाकर वोट करता है। इसमें हर बार वीवीपैट से वोटिंग की पर्ची भी दिखाई देती है।

### अखिलेश ने उठाया था मामला

इस मामले को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी उठाया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर घटना का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, "अगर चुनाव आयोग को लगे कि ये गलत हुआ है तो वो कुछ कार्रवाई ज़रूर करे, नहीं तोभाजपा की बूथ कमेटी, दरअसल लूट कमेटी है।"

## सांसद रूडी ने लगाया सारण में 3 बूथों पर कब्जे का आरोप

एजेंसी ▶▶| पटना



■ चुनाव आयोग में की लिखित शिकायत

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत सोमवार को बिहार के सारण में भी वोटिंग हुई। इस सीट से लालू यादव की बेटी रोहिणी राजद की उम्मीदवार हैं। उनका मुकाबला दो बार सांसद रहे राजीव प्रताप रूडी से है। सारण में सुबह 11 बजे तक 20.75 फीसदी मतदान भी हुआ है। इसी बीच अमनौर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 12, 13 ,14 को लेकर निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ बूथ कैप्चरिंग जैसे आरोप लगाए हैं।

### लालू की बेटी और राजीव प्रताप रूडी के बीच कड़ा मुकाबला

बता दें कि सारण लोकसभा क्षेत्र में कुल 14 प्रत्याशी अपने भाग्य आजमा रहे हैं। इसमें मुख्य मुकाबला तो रोहिणी आचार्य और राजीव प्रताप रूडी के बीच है। लेकिन पूर्व विधायक शत्रुघ्न तिवारी भी मैदान में हैं। सारण लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिसमें 4 विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व महागठबंधन के विधायक कर रहे हैं। जबकि दो विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायक हैं। रूडी के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने सभा भी की है। जबकि राजद की ओर से लालू यादव ने सारण में कैंप किया हुआ है।

### ड्रग्स-कैश से लेकर इन तमाम चीजों पर लिया एक्शन

# चुनाव आयोग ने अब तक जब्त किए 8889 करोड़!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवे चरण की वोटिंग सोमवार को हुई। इस बीच चुनाव आयोग इलेक्शन के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए होने वाले धनबल को रोकने के लिए सख्ती से निपट रहा है। इसी कड़ी में चुनाव आयोग ने आम चुनाव के दौरान अवैध धन, नशीले पदार्थों को जब्त करने का रिकॉर्ड बनाया है। आयोग ने बताया के अब तक चुनाव के समय जब्त की गई चीजों का आंकड़ा 8889 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जिसमें 45% जब्ती दवाओं की है। दरअसल, धनबल के खिलाफ चुनाव आयोग की कार्रवाई में 8889 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। जिसमें चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव के समय जब्ती का आंकड़ा जल्द ही 9,000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा। गौरतलब है कि 45 फीसदी जब्ती ड्रग्स और नशीले पदार्थों की है। जिन पर आयोग का विशेष ध्यान है।

**जब्त की गई चीजों में 45% नशीली दवाएं**



*चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने लोकसभा चुनावों के प्रलोभन देने वालों पर सख्त से सख्त एक्शन ले रहा है। इस दौरान चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव अवैध धन, नशीले पदार्थ, फ्री बीज और बेशकीमती धातुओं को जब्त करने का रिकॉर्ड जब्ती की है। चुनाव आयोग ने इलेक्शन में काले धन और धनबल के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए आज 8889 करोड़ रुपए किए, जिसमें 45% जब्ती में नशीली दवाओं की मात्रा शामिल है।*

**ईसीआई करता रहेगा ऐसी कार्रवाई**

चुनाव आयोग ने बताया कि लोकसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद से यानी पांचवे चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही 8889 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। गौरतलब है कि ये रकम 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान हुई कुल जब्ती से भी काफी ज्यादा हैं। आयोग के मुताबिक, स्थानीय लोग, आयकर, आयकर खुफिया निगरानी विभाग, कस्टम, आबकारी, लोकल पुलिस, पैरामिलेट्री फोर्स के अधिकारियों के सतर्क और तालमेल से ही चुनाव आयोग आगे भी ऐसी ही कार्रवाई सख्ती के साथ करता रहेगा।

### धनबल से होता है चुनाव प्रभावित

*पिछले कुछ सालों में गुजरात, पंजाब, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम में चुनावों के दौरान बड़ी मात्रा में जब्ती की गई है। आयोग ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पिछले महीने आम चुनाव की घोषणा करते हुए धन बल को एक प्रमुख चुनौती बताया था. उस दौरान चुनाव आयोग ने चुनाव प्रचार में राजनीतिक नेताओं की मदद करने वाले लगभग 106 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया गया है।*

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## 'टॉपर्स कांड'


सूत्रों के अनुसार यह संभव
- संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं माशिमं को सौंपी जाएं
- टॉपर्स की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच, स्कूल की मान्यता रद्द करने और दोषियों पर एफआईआर

टॉपर्स कांड में हरिभूमि के खुलासे के बाद जिस तरह परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं उससे भी सरकार बेहद नाराज है। स्कूल शिक्षा सचिव ने इस बारे में बड़ी बैठक ली और 24 घंटे में जांच रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट के बाद सरकार इस मामले में कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। संभव है कि संस्कृत बोर्ड की परीक्षा संबंधी कार्यप्रणाली को पूरी तरह बदल दिया जाए।

# हरिभूमि की खबर का बड़ा असर, टॉपर्स कांड से सरकार बेहद खफा, 24 घंटे में जांच रिपोर्ट तलब, तगड़ी कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उल्लेखनीय है कि बगैर परीक्षा दिलाए छात्रों के टॉप करने और एक ही छात्र की उत्तरपुस्तिकाओं में भिन्न-भिन्न हेंडराइटिंग होने संबंधित खुलासे के बाद स्कूल शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। पूरे मामले को लेकर सोमवार दोपहर मंत्रालय में बड़ी बैठक हुई। बैठक में शिक्षा विभाग और संस्कृत बोर्ड के अधिकारी शामिल हुए। शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी ने 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। वहीं रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी ने दीपांशु संस्कृत स्कूल पहुंचकर जांच शुरू की है। दीपांशु संस्कृत उच्चतर माध्यमिक ▶▶|शेष पेज 7 पर




### तलब होंगे अधिकारी

सूत्रों के अनुसार स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, वहां के प्राचार्य से भी पूछताछ होगी। सरकार इस पर विचार कर रही है कि संस्कृत बोर्ड के परीक्षा संबंधी कार्य माध्यमिक शिक्षा मंडल को सौंप दिए जाएं। साथ ही इस कांड में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी संभावना है।

### शासन भी एक्शन मोड में

#### सिस्टम को खराब करने की कोशिश



जो सिस्टम को खराब करने की कोशिश करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। हम जांच करवाएंगे। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
-अरुण साव, उप मुख्यमंत्री

#### करेंगे कार्रवाई




पूरे मामले में जो भी दोषी होंगे, उन पर कार्रवाई होगी।
-केदार कश्यप, कैबिनेट मंत्री

#### कठोरता से हो जांच



बगैर परीक्षा दिलाए किसी छात्र का टॉप करना गंभीर मामला है। अलग-अलग विषयों में अलग हैंडराइटिंग मिलना भी संगीन है। इस मामले की कठोरता से जांच होनी चाहिए।
-धनेंद्र साहू, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

## दीपांशु स्कूल में ताला प्राचार्य अंडरग्राउंड डीईओ पहुंचे औरदा




हरिभूमि के खुलासे के बाद लगातार खुल रही हैं परतें

रायगढ़। खरसिया के औरदा में संचालित दिपांशु संस्कृत विद्यालय में दसवीं बोर्ड के रिजल्ट में हुए गड़बड़झाले के उजागर होने के बाद शिक्षा विभाग की चूलें हिल गई हैं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश खूंटे भूमिगत हो गए हैं। हरिभूमि की खबर पर पूरे प्रदेश में मचे हंगामे के बाद सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला औरदा पहुंचे और छानबीन की। लेकिन दिपांशु संस्कृत विद्यालय में ताला मिला। वहीं हरिभूमि के खुलासे के बाद परतें खुल रही हैं। परीक्षा के दौरान दीपांशु संस्कृत ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अफसर स्कूल पहुंचे लेकिन मिला ताला

प्रदेशभर में मचे हंगामे के बाद जिला शिक्षा अधिकारी औरदा पहुंचे। वहां जांच की जानी थी लेकिन स्कूल में ताला मिला। अफसरों के अनुसार प्राचार्य से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन हुआ नहीं। उनका फोन बंद है और वे अंडरग्राउंड हो गए हैं।

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुलिस और माओवादियों में मुठभेड़, जवान घायल

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान समूह के सदस्य को सोमवार को नौपाड़ा जिले में



माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान गोली लग गई। यह घटना तीन बजे की है जब एसओजी के जवानों की ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर शिवनारायणपुर के पास सुनाबेड़ा जंगल में मुठभेड़ हुई।

### नेपाल के पीएम प्रचंड ने हासिल किया विश्वास मत

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने सोमवार को संसद में विश्वास मत



हासिल कर लिया, जो उनके पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा शक्ति परीक्षण था। विश्वासमत हासिल करने के बाद प्रचंड गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते रहेंगे।

### ड्रेनेज लाइन बिछाए बिना 58 करोड़ के फर्जी बिल पेश

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में ड्रेनेज की लाइन बिछाए बिना इस काम के नाम पर नगर




निगम में करीब 58 करोड़ रुपए के फर्जी बिल पेश किए गए जिनमें से 34 करोड़ रुपए के बिलों का भुगतान भी कर दिया गया। कथित मिलीभगत वाले फर्जी बिल घोटाले की जांच कर रही अधिकारी ने यह जानकारी दी।

ईरान के कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किए गए उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर

# ईरान के राष्ट्रपति रईसी और विदेश मंत्री की हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत

एजेंसी ▶▶| दुबई

ईरान के उत्तर-पश्चिम स्थित पहाड़ी क्षेत्र में खराब मौसम की वजह से हुए हेलीकॉप्टर हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोग दुर्घटनास्थल पर मृत पाए गए। बचाव दल को दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का मलबा मिल गया है। हेलीकॉप्टर की जिस जगह पर हार्ड लैंडिंग हुई है, वह पहाड़ी इलाका है। राष्ट्रपति रईसी के साथ हेलीकॉप्टर में उनके सहयोगी विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियान भी सवार थे।

यह हादसा ऐसे समय हुआ है, जब पश्चिम एशिया इजराइल-हमास युद्ध के कारण अशांत है। इस युद्ध के दौरान 63 वर्षीय रईसी ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व में पिछले महीने इजराइल पर अभूतपूर्व तरीके से ड्रोन और मिसाइल से हमला किया था। रईसी के कार्यकाल के दौरान, ईरान ने करीब करीब हथियार-स्तर के यूरेनियम का संवर्धन किया। इसकी वजह से ईरान का पश्चिम के साथ तनाव और बढ़ गया क्योंकि तेहरान ने यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस को बम ले जाने वाले ड्रोन भी दिए और पूरे क्षेत्र में मिलिशिया समूहों को हथियारों से लैस किया। ईरान को खराब अर्थव्यवस्था और महिला अधिकारों को लेकर उसके शिया धर्मतंत्र के खिलाफ पिछले कुछ वर्षों में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन का सामना भी करना पड़ा है जिसके मद्देनजर इस हादसे के परिणाम तेहरान और देश के भविष्य के लिए कहीं अधिक गंभीर हो सकते हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत हो जाने ▶▶|शेष पेज 7 पर



इब्राहिम रईसी
ईरान के राष्ट्रपति
जन्म-14 दिसंबर 1960
मृत्यु- 19 मई 2024

हेलीकॉप्टर पर सवार थे नौ लोग, सभी की मौत



### ईरान में पांच दिन का राजकीय शोक

खामनेई ने सोमवार को रईसी के निधन पर सोमवार को जारी शोक संदेश में देश में पांच दिनों का राजकीय शोक घोषित किया। रईसी के निधन की घोषणा के बाद ईरान के मंत्रिमंडल की सोमवार को आपात बैठक हुई।

### प्रथम उपराष्ट्रपति संभालेंगे पद

ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को देश के उत्तर-पश्चिमी इलाके में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद सोमवार को इस्लामी गणराज्य का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया। मोखबर (68) ईरान के शिया धर्मतंत्र में अन्य राजनीतिक नेताओं की तुलना में काफी हद तक सुर्खियों से दूर रहे हैं।

### हादसे वाली जगह का सामने आया वीडियो

फार्स न्यूज ने हेलीकॉप्टर हादसे वाली जगह का एक ड्रोन फुटेज जारी किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर तबाह हो गया है। वीडियो में हेलीकॉप्टर का मलबा एक पहाड़ी पर बिखरा दिखाई दे रहा है। ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी के प्रमुख ने बताया कि रेस्क्यू टीमें हादसे वाली जगह पर पहुंचने की कोशिश कर रही हैं।

### पीएम मोदी बोले- दुख की घड़ी में भारत साथ

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश दुख की इस घड़ी में ईरान के साथ खड़ा है।" मिस्र और जॉर्डन के नेताओं ने भी रईसी के निधन पर शोक जताई है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल अशद ने भी ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### छत्तीसगढ़ समेत देश में एक दिन का राजकीय शोक

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर क्रैश में हुई मौत के बाद दुनियाभर में इस समय शोक है। छत्तीसगढ़ समेत देश में 21 मई के लिए एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है।

अहमदाबाद में श्रीलंकाई नागरिक गिरफ्तार

## एयरपोर्ट पर इस्लामिक स्टेट से जुड़े चार आतंकी धरे गए



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध रखने के आरोप में चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक श्रीलंका के ये नागरिक कथित तौर पर भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे। एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एटीएस ने रविवार रात को सरदार वल्लभाई पटेल हवाई अड्डे पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### श्रीलंका से चेन्नई फिर अहमदाबाद

आरोपियों की पहचान मोहम्मद नुसरत (35), मोहम्मद फारुख (35), मोहम्मद नफरान (27) और मोहम्मद रासद्दीन (43) के रूप में की गयी है। इन्होंने कोलंबो से उड़ान भरी और रविवार तड़के चेन्नई पहुंचे। इसके बाद आतंकवादियों ने अहमदाबाद के लिए दूसरी उड़ान ली, जहां वे रविवार रात करीब आठ बजे उतरे। इन लोगों ने जांचकर्ताओं को सूचित किया कि वे पहले प्रतिबंधित एनजेटी से जुड़े थे।

### भारत में फैलाना चाहते थे दहशत

पुलिस महानिदेशक सहाय ने कहा, ये आतंकी इस साल फरवरी में अबू (पाकिस्तान में आईएस के नेता) के संपर्क में आए और सोशल मीडिया के माध्यम से उसके संपर्क में रहे तथा विचारधारा से प्रभावित होकर पूरी तरह से कट्टरपंथी बन गए। आतंकवादियों के आका नेता ने उन्हें भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने का आदेश दिया, जिस पर वे सहमत हो गए और यहां तक कि आत्मघाती बम विस्फोट करने के लिए भी तत्परता दिखाई।

मुंडन के दौरान हादसा

## एक को बचाने में 5 युवक गंगा में डूबे गोताखोरों ने पांचों शव बाहर निकाले

एजेंसी ▶▶| पटना

बेगूसराय में मुंडन संस्कार में शामिल होने गए पांच युवकों की नहाने के दौरान गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पांचों युवकों का शव बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि एक युवक डूब रहा था, दोस्त को बचाने चार दोस्त कूदे और पांचों की डूब गए।



### सभी शव को नदी से निकाला गया

मृतक रोहित के भाई मोहित ने बताया कि मुंडन के बाद सभी लोग स्नान कर रहे थे। वह भी किनारे में स्नान कर रहा था। तभी उसके दोनों भाई समेत पांच युवक स्नान करते-करते सिमरिया घाट के अंदर चले गए और सभी डूब गए।

ईडी ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट पार्टी ने किया इंकार

## आप को अमेरिका, कनाडा और खाड़ी देशों से करोड़ों रुपए की अवैध फंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी की गलत तरीके से विदेश से करोड़ों रुपए की फंडिंग मिलने की बात कही है। ईडी की तरफ से इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी गई है। रिपोर्ट में आम आदमी पार्टी को विदेश से मिले फंड में अनियमितताओं का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट में आम आदमी पार्टी को ▶▶|शेष पेज 7 पर




### ईडी ने दी सरकार को जानकारी

पिछले साल अगस्त में, एजेंसी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक विस्तृत कम्यूनिकेशन भेजा था। इसमें आप की तरफ से कथित उल्लंघनों को उजागर किया गया था। उन्हें एफसीआरए के उल्लंघन के रूप में चिह्नित किया गया था। हाल ही में, ईडी ने गृह मंत्रालय के साथ अतिरिक्त जानकारी साझा की।

### यह भाजपा की एक और चाल : आप

आप नेता आतिशी ने ईडी के आरोपों पर पलटवार किया है। आतिशी ने कहा कि यह भाजपा की एक और चाल है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्ली और पंजाब की 20 सीटें हार रही है। यह ईडी की कार्रवाई नहीं है। आतिशी ने कहा कि यह आप को बदनाम करने की मोदी की साजिश है।

भीलवाड़ा भट्टीकांड

## लड़की से गैंगरेप, फिर भट्टी में जिंदा जलाने वाले भाइयों को सजा ए मौत

एजेंसी ▶▶| भीलवाड़ा

राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के कोटडी भट्टी कांड में कोर्ट ने दोषी करार दिए गए कालू और कान्हा को सजा सुना दी है। भीलवाड़ा के कोटड़ी के बहुचर्चित भट्टी प्रकरण में सोमवार को पोक्सो कोर्ट-2 ने अपना फैसला सुनाते हुए दोनों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। राजस्थान के ▶▶|शेष पेज 7 पर



### बकरियां चराने गई थी लड़की

कोटडी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और उसे जिंदा ही कोयले की भट्टी में फेंक दिया गया। इस हत्याकांड में नाबालिग पीड़ित बकरियां चराने घर से निकली थी।




## चिंतन

# पांचवें चरण में भी कम मतदान चिंता का सबब

लोकसभा के पांचवें चरण का मतदान भी शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सब तक सभी चरण के मतदान आंशिक झड़प व हिंसा को छोड़ कर शांतिपूर्ण हुए हैं। पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 लोकसभा सांटों पर वोटिंग हुई है। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हुआ था। आज की 49 सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होनी अभी बाकी है। इस बार लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी चिंता कम मतदान को लेकर है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पहले चरण के मतदान के दौरान 66.14 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि 2019 में इस चरण की सीट पर 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 में दूसरे चरण में 69.64 फीसदी वोटिंग हुई थी। तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि 2019 में यह 68.4 प्रतिशत था। चौथेचरण में 2019 की तुलना में ढाई प्रतिशत अधिक मतदान है। पांचवें चरण में शाम पांच बजे तक 57.35 फीसदी मतदान हुआ है। सबसे अधिक लद्दाख व पश्चिम बंगाल में तो सबसे कम मतदान महाराष्ट्र में हुआ है। आजकल प्रचंड गर्मी पड़ रही है, यह एक कारण कम मतदान का हो सकता है, पर इसके दूसरे कारण भी हो सकते हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनेक बार लोगों से मतदान पर्व में बढ़चढ़ कर शिरकत करने के लिए अपील कर चुके हैं। इस बार उन्होंने कम मतदान के लिए कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन पर चुनाव प्रचार सही से नहीं करने का राजनीतिक आरोप लगाया है। भाजपा ने पार्टी के स्तर पर देश भर में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जोरशोर से अभियान चलाया है। विपक्ष के नेता भी लगातार लोगों से मतदान करने के लिए अपील करते रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता, बॉलीवुड हस्तियां, स्टार खिलाड़ी आदि भी लोगों से मतदान में हिस्सा लेने की अपील करते रहे हैं। इसके बावजूद पांचवें चरण के आते आते मतदान प्रतिशत में अपेक्षित इजाफा नहीं हुआ। पिछले चार चरण तक के मतदान वर्ष 2019 की तुलना में करीब चार फीसदी कम हुए हैं। पांचवें चरण के मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े जब आएंगे, तब आंकड़े जरूर बढ़ेंगे, हो सकता है वह 65 फीसदी तक चले जाएं, इसके बावजूद ये आंकड़े कम ही कहलाएंगे। लोकतंत्र के इस महापर्व में 75 फीसदी से ऊपर मतदान आदर्श रूप में होना चाहिए, लेकिन कई वर्षों से ऐसा नहीं हो रहा है। मतदान के प्रति रुझान में कमी आना हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है, इसके लिए हमारे राजनीतिक दल भी जिम्मेदार हैं। सत्ता की लड़ाई में राजनीतिक दलों की कार्यशैली, नेताओं की विश्वसनीयता और सरकार में आने के बाद उत्पादकता में इतनी गिरावट आ चुकी है कि, जनता का भरोसा दलों व नेताओं पर लगातार कम होता गया है। यह क्षीण जारी है। इसलिए लोग मतदान के प्रति उदासीन होते गए हैं। सरकार का प्रदर्शन, ईवीएम को लेकर पैदा किए गए भ्रम, सामाजिक व सांप्रदायिक विभाजन, जातिगत दूरियां आदि अनेक फैक्टर हैं, जिसने वोटरों में मतदान के प्रति रुचि कम की है। देश में नब्बे करोड़ से अधिक मतदाता हैं, इसमें कम से कम 75 से 78 प्रतिशत लोग तो मतदान करें। दो तिहाई से अधिक मतदान हो।



मुस्लिम आबादी
डा. अश्विनी महाजन

# जनसंख्या वृद्धि को करें नियंत्रित

> पीएमईएसी की रिपोर्ट के अनुसार, 1950 से लेकर 2015 तक कुल जनसंख्या में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कई अन्य देशों में भी, जहां बहुसंख्यक आबादी गैर-मुस्लिम थी, उसकी हिस्सेदारी में कमी आई है और अल्पसंख्यक आबादी जो मुस्लिम है, की हिस्सेदारी बढ़ी है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में जहां मुस्लिम खुद बहुसंख्यक हैं, उनकी आबादी भी बढ़ी है। तो सवाल अल्पसंख्यकों की आबादी बढ़ने का नहीं, बल्कि दुनिया में मुस्लिम आबादी बढ़ने का है, जिसका असर अधिकांश देशों में देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, 1950 से लेकर 2015 तक कुल जनसंख्या में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कई अन्य देशों में भी, जहां बहुसंख्यक आबादी गैर-मुस्लिम थी, उसकी हिस्सेदारी में कमी आई है और अल्पसंख्यक आबादी जो मुस्लिम है, की हिस्सेदारी बढ़ी है। यह प्रवृत्ति म्यांमार और नेपाल में भी देखी गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश में जहां मुस्लिम खुद बहुसंख्यक हैं, उनकी हिस्सेदारी भी बढ़ी है। तो सवाल अल्पसंख्यकों की आबादी बढ़ने का नहीं, बल्कि दुनिया में मुस्लिम आबादी बढ़ने का है, जिसका असर यूरोप समेत अधिकांश देशों में देखा जा रहा है।

अगर बात सिर्फ भारत की करें तो जहां 1950 में हिंदुओं की आबादी का हिस्सा 84.68 प्रतिशत था, वो 2015 तक घटकर सिर्फ 78.06 प्रतिशत रह गया, जबकि इसी दौरान मुस्लिम आबादी का हिस्सा 1950 में 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 2015 में 14.09 प्रतिशत हो गया। गौरतलब है कि भारत की कुल जनसंख्या 1951 में 36.1 करोड़ से बढ़कर 2015 में 132.29 करोड़ हो गई और इसी तरह हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समेत सभी समुदायों की आबादी में भी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन ख़ास बात यह है कि मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर अन्य सभी जातीय समूहों से ज्यादा रही है। जबकि, हिंदू आबादी 1951 में 30.57 करोड़ से बढ़कर 2001 में 82.75 करोड़ हुई (यानि 2.0 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर ); मुस्लिम आबादी 3.55 करोड़ से बढ़कर 13.8 करोड़ हो गई (2.75 प्रतिशत की भारी वार्षिक वृद्धि दर ); सिखों की जनसंख्या 0.69 करोड़ से बढ़कर 1.94 करोड़ हो गई और ईसाइयों की जनसंख्या 0.83 करोड़ से बढ़कर 2.41 करोड़ हो गई, यानि 50 वर्षों में क्रमशः 2.09 प्रतिशत और 2.15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर। कुछ लोगों का तर्क है कि पिछले दो दशकों में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि की गति धीमी हो गई है। हालांकि, यह सच है कि 2001 से 2015 के बीच विभिन्न जातीय समूहों की जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आई है; लेकिन मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि अभी भी अन्य धार्मिक समूहों से बहुत आगे है। हम देखते हैं कि वर्ष 2001 और 1015 के बीच हिंदुओं, मुसलमानों, सिखों और ईसाइयों की जनसंख्या वृद्धि दर क्रमशः 1.61, 2.17, 1.68 और 1.82 रही।

इस रिपोर्ट से सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में यह नैरेटिव फैलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यकों, खास तौर पर मुसलमानों को दबाया और सताया जाता है, लेकिन आंकड़े इस नैरेटिव को पूरी तरह से नकारते हैं।

**भारत की जनसांख्यिकी में सामान्य परिवर्तन :** भारत में 1951 में कुल प्रजनन दर 5.9 थी, जो 1981 में घटकर 4.80 और 2011 में 2.56 हो गई। हाल ही में आए आंकड़ों के अनुसार, 2024 में भारत में कुल प्रजनन दर 2.12 तक पहुंच गई है। जनसांख्यिकी सिद्धांत के अनुसार,



जब किसी देश की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे गिरती है, तो उस देश की जनसंख्या कुछ समय बाद घटने लगती है। इसलिए प्रजनन दर का 2.12 तक पहुंचना जनसंख्या के लिए खतरे की घंटी है। पिछले कुछ समय से भारत में कुल प्रजनन दर में लगातार गिरावट के कारण अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि हम ऐसी स्थिति में पहुंच चुके हैं, जहां से कुछ समय बाद वास्तविक जनसंख्या में कमी आनी शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि चीन में ऐसी स्थिति पहले ही आ चुकी है। यूरोप के कई देश भी इसी स्थिति से गुजर रहे हैं। अफ्रीका के बाद भारत भी उन चंद देशों में शामिल है, जहां जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, लेकिन अब भारत में भी जनसंख्या में कमी आने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन ऐसे में पीएमईएसी की रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि भले ही आने वाले समय में कुल जनसंख्या में कमी आएगी, लेकिन उसमें भी हिंदुओं की जनसंख्या, जो पहले से ही आनुपातिक रूप से कम हो रही है, इसमें निरपेक्ष रूप में भी कमी होनी शुरू हो सकती है, जबकि मुस्लिम जनसंख्या में वृद्धि जारी रहेगी। हम कह सकते हैं कि हिंदू जनसंख्या के नुकसान की भरपाई मुस्लिम जनसंख्या में वृद्धि से होगी।

**शिक्षित वर्ग की जनसंख्या में गिरावट की संभावना :** जनगणना और अन्य रिपोर्टों से पता चलता है कि निरक्षर और कम शिक्षित महिलाओं में कुल प्रजनन दर 2011 में 3.17 रही। लेकिन स्नातक या उससे ऊपर की महिलाओं में प्रजनन दर जो 1991 में 1.62 थी, 2011 में घटकर 1.40 रह गई और अभी भी इसमें और गिरावट की पूरी संभावना है। इसी तरह, स्नातक से कम शिक्षित अन्य महिलाओं में भी प्रजनन दर अपेक्षाकृत कम होती है।

यदि हम शिक्षा के मामले में विभिन्न धार्मिक समूहों की तुलना करें, तो यह स्पष्ट है कि मुस्लिम समुदाय अभी भी हिंदुओं की तुलना में कहीं अधिक पिछड़ा हुआ है और इसलिए संभावना है कि मुस्लिम आबादी में वृद्धि जारी रहेगी, जबकि हिंदू आबादी में गिरावट आ सकती है। उल्लेखनीय है कि 2001 की जनगणना के अनुसार, हिंदुओं में साक्षरता दर 65.8 प्रतिशत थी, जबकि मुसलमानों में यह केवल 59.1 प्रतिशत थी। अगर हम उच्च शिक्षा की बात करें तो हम देखते हैं कि 2001 में 18 से 25 वर्ष की आयु वर्ग में मुस्लिम समुदाय में स्नातक और अधिक शिक्षित लोगों की संख्या केवल 6.7 प्रतिशत थी, जबकि हिंदुओं में यह 12.5 प्रतिशत थी। शिक्षा और कुल प्रजनन दर के बीच संबंधों को देखते हुए, हम सहज रूप से कह सकते हैं कि कम शिक्षित मुस्लिम महिलाएं अधिक बच्चों को जन्म देती हैं, जबकि अधिक शिक्षित महिलाओं में प्रजनन दर कम होती है। मुस्लिम आबादी में वृद्धि और हिंदू आबादी में कमी को हिंदुओं और मुसलमानों के बीच शिक्षा के स्तर में अंतर से भी समझाया जा सकता है।

**संतुलन कैसे लाया जाए? :** हमने देखा है कि आर्थिक समृद्धि, शैक्षिक विकास और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ, जन्म दर, मृत्यु दर और जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि दर सभी में कमी आ रही है। सबसे पहले, मुस्लिम आबादी को शैक्षिक रूप से उन्नत करने की आवश्यकता है। इससे कुल प्रजनन दर को कम करने में मदद मिल सकती है। दूसरा, सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन का उपयोग कर सकते हैं। तीसरा, पिछले कुछ समय से जनसंख्या नीति पर बहस चल रही है। जनसंख्या संतुलन प्राप्त करने और आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक मानकों के दृष्टिकोण से भविष्य की जनसंख्या को उन्नत करने के लिए जनसंख्या नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। परिवार को सीमित करने हेतु कुछ क़ानूनी प्रावधान भी इस दिशा में समाधान दे सकते हैं।

(लेखक अर्थशास्त्री और प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि

डॉ. रमेश ठाकुर



# आतंकवाद के खात्मे का संकल्प लेने का दिन

21 मई की तारीख आतंकवाद को खत्म करने और शांति-सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालती है। देशवासी हमेशा से महसूस करते आए हैं कि कैलेंडर में टंगी 21 मई की तारीख प्रत्येक भारतीयों के लिए सदैव मनहूस होती रहेगी, क्योंकि ये वही डेट है जिसने भारत के 6वें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मौत मुकर्रर की थी। आज उनकी पुण्यतिथि भी है। राजीव की हत्या के बाद ही सालाना 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' को मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा हुई। राजीव गांधी की 21 मई 1991 को मद्रास के पास एक गांव श्रीपेरंबुदूर में 'लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम' की महिला सदस्य ने मानव बम बनकर हत्या कर दी थी। तब, केंद्र में आई अगली वीपी सिंह सरकार ने इस दिन को 'आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में दर्ज करवाया।


'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी' दिवस स्मरण, चिंतन और कार्रवाई का दिन है। ये सच है, आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, वह केवल विनाश की भाषा समझते हैं। बेकसूर लोगों का सिर्फ लहू ही पीना जानते हैं। केंद्र व राज्य सरकारें डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवाद से बचाव और उनके मंसूबों को परखने के लिए समय-समय पर विभिन्न तरह के संदेशों का प्रचार-प्रसार करती रहती हैं। निश्चित रूप से राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि ये देशवासियों को अपने दैनिक जीवन में सतर्कता बरतने और सावधान रहने को आग्रह करता है। साथ ही अपने मतभेदों को दूर करने और सौहार्दपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के लिए प्रोत्साहित कर अमन-शांति को बढ़ावा देने का भी प्रयास करता है। इसके अलावा ये दिन हमें ये भी एहसास कराता है कि आज के वक्त में समाज को शांतिपूर्ण बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है।



आतंकवाद विरोधी दिवस देशवासियों को आतंक के खतरनाक प्रभावों के संबंध में तसल्ली से जागरूकता पैदा करता है। भारत का गुजरा समय कुछ ऐसा था। जब देशवासी अपने भीतरी 'लिट्टे नामक आतंकवाद' का दंश झेल रहे थे। जो चारों ओर खूनी कहर बरपा रहा था। गनीमत ये थी उसका प्रभाव दक्षिण राज्यों में ही ज्यादा रहा। कहने को, ये उग्रवादी अलगाववादी समूह श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिलों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के लिए लड़ रहा था। लेकिन उनकी हरकतें कहीं से भी मातृभूमि के लिए लड़ने वाली नहीं लगती थी। क्योंकि ये संगठन अपने ही सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार रहा था। राजीव गांधी की हत्या भी बड़ी साजिश का हिस्सा थी। तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान उन्हें निशाना बनाया गया। महिला हमलावर ने बकायदा राजीव के पास आकर उनके पैर छुए और मानव बम का बटन दबाकर विस्फोट कर उन्हें उड़ा दिया। उस दर्दनाक घटना ने समूचे हिंदुस्तान को झकझोर दिया था। पर, उसके बाद यहीं से आतंकवाद को खत्म करने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों ने कमर कसी, कई ऑपरेशन चलाए, जिसका नतीजा ये हुआ, कुछ वर्षों के भीतर लिट्टे का नाम पूरी तरह से नेस्तनाबूद हो गया। आज का दिन जनमानस को आतंकवाद जैसे असामाजिक कृत्य के प्रति न सिर्फ जागरूक करता है, बल्कि राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देना, आतंकवाद को कम करने और सभी जातियों, पंथों और लिंग के लोगों को एकजुट करने का संबल भी प्रदान करता है। 80-90 के दशक में समूचा भारत आतंकवाद से बुरी तरह प्रभावित था। लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा, हालात तेजी से सुधरे? अंदरूनी स्तर पर नक्सलवाद के चलते अब भी भारत के कुछ जंगली क्षेत्रों में निम्न-स्तरीय संघर्ष है। पर, अधिकांश आबादी अब तकरीबन आतंकवाद से मुक्त है। बाहरी आतंक पर भी अंकुश लगा है। पहले के मुकाबले जम्मू-कश्मीर के हालात में भी सुधार है, पर पाक प्रायोजित आतंकवाद अभी अपना रंग दिखा रहा है। सुधरते हालातों की ही सुखद तस्वीर है कि लाल चौक पर तिरंगा लहरा रहा है। वैश्विक स्तर पर देखें तो, 2022 से आतंकवाद से होने वाली मौतें में 79 फीसदी की गिरावट आई है। घाटी में लगातार होते हमलों में भी 90 फीसदी की कमी है। आज हमें आतंकवाद का खात्मे का संकल्प लेना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। *-महेश पाठक, अंबिकापुर*

## ट्रेंड

### बढ़चढ़ कर करें मतदान



महिला और युवा मतदाताओं से मेरी यह विशेष अपील है कि वे लोकतंत्र के इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। सभी मतदाताओं से मेरा अनुरोध है कि वे अपना वोट जरूर डालें और मतदान का एक नया रिकॉर्ड बनाएं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारत ईरान की जनता संग



हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति डॉ इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री एच अमीर-अब्दुल्लैया के निधन की खबर सुनकर अत्यंत दुखी हूं। उनके परिवारों के प्रति हमारी शोक-संवेदनाएं। हम इस दुख की घड़ी में ईरान की जनता के साथ खड़े हैं। -एस जयशंकर, विदेश मंत्री


### बेहतर जीवन



दूरदराज के समुदायों तक कनेक्टिविटी लाने से शिक्षा और आर्थिक अवसरों तक पहुंच में मौलिक सुधार होता है। आज सभी सुविधाएं आनलाइन हो गई है। जिसके कारण कनेक्टिविटी से ही आम जनमानस के जीवन में न केवल सुधार हो सकता है बल्कि जीवन भी बेहतर हो सकता है।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### उत्सव की तरह



भैयाजी और भाभीजी ने वोट दे दिया। आप सभी से निवेदन है कि मतदान करें और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करें। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव उत्सव की तरह हैं।

-मनोज वाजपेयी, अभिनेता

### अपने विचार


हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# एचआईवी पीड़ित महिलाएं करा सकती हैं स्तनपान


अमेरिका के बाल रोग विशेषज्ञों के समूह ने सोमवार को आमूल-चूल नीतिगत बदलाव करते हुए कहा कि एचआईवी से संक्रमित महिलाएं अपने बच्चों को स्तनपान करा सकती हैं बशर्तें उनके द्वारा ली जा रही दवा से एड्स का कारण बनने वाला विषाणु निष्प्रभावी हो गया है। अमेरिकी बाल रोग विशेषज्ञ अकादमी ने नयी रिपोर्ट में 1980 के दशक में एचआईवी महामारी के दौरान की गई अनुशंसा को बदल दिया है। कोलोरोडो विश्वविद्यालय में बाल एचआईवी विशेषज्ञ और शोधपत्र की प्रमुख लेखिका डॉ.लीजा अबुओगी ने कहा कि यह स्वीकार किया गया है कि नियमित रूप से ली जाने वाली दवा स्तनपान के जरिये एचआईवी संक्रमण के प्रसार के खतरे को एक प्रतिशत से भी कम कर देती है। अबुओगी ने कहा, 'अब दवाएं इतनी अच्छी हैं, जच्चा एवं बच्चे के लिए इतनी लाभदायक हैं कि हम उस अवस्था में हैं जहां साझा निर्णय लेना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि एंटीरिट्रोवायरल थेरेपी के तौर पर जानी जाने वाली दवा स्तनपान के जरिये एचआईवी के प्रसारित होने के खतरे को पूरी तरह से खत्म नहीं करती और स्तनपान कराने से रोकना केवल वायरस का प्रसार होने से रोकने के अन्य तरीकों में से एक है।



## ऑफ बीट

# कैंसर के टीकों के लिए बढ़ती वैश्विक उम्मीद

विशेष प्रकार के त्वचा कैंसर और फेफड़ों के कैंसर के लिए तीन टीकों के नैदानिक परीक्षणों (क्लिनिकल ट्रायल) का अंतिम चरण चल रहा है।



कैंसर का इलाज लंबे समय से एक सपना रहा है। वैश्विक बीमारियों के मामले में हृदय संबंधी बीमारियों के बाद कैंसर दूसरे स्थान पर है। हालांकि अभी तक कोई जादुई गोली नहीं दिख रही है, लेकिन विशेष प्रकार के त्वचा और फेफड़ों के कैंसर के लिए तीन टीके हाल के महीनों में नैदानिक परीक्षणों के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। अगर सफलता मिली तो ये टीके अगले तीन से 11 वर्षों में रोगियों के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। बीमारियों को रोकने वाले टीकों के विपरीत, इनका उद्देश्य उन्हें ठीक करना या बीमारी को फिर से होने से रोकना है। हर व्यक्ति में कैंसर अलग-अलग होता है क्योंकि हर कैंसरग्रस्त ट्यूमर की कोशिकाओं में अनुवंशिक उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) के अलग-अलग सेट होते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए दो टीके प्रत्येक रोगी के लिए विशेष रूप से बनाए गए हैं। दवा कंपनियों के साथ काम करने वाले ऑन्कोलॉजिस्ट (वे चिकित्सक जो कैंसर का निदान और उपचार करते हैं) ने इन व्यक्तिगत नियोएंटीजन थेरेपी को विकसित किया है।

# सहेली

कवर स्टोरी / नम्रता नदीम



प्रचलन में यही है कि शादी तय होते समय लड़की-लड़के की हाइट में ज्यादा अंतर ना हो, लड़की तो लड़के की हाइट से ज्यादा हो ही ना। इसी तरह कलर कॉम्प्लेक्शन में भी ज्यादा अंतर नहीं हो। सवाल यह है कि जीवन साथी के चयन में हाइट और रंग-रूप को आधार बनाना क्या सही है? क्या हमें अपनी सोच नहीं बदलनी चाहिए?

## शादी के लिए हाइट-कलर क्राइटेरिया बदलनी होगी सोच

नीरा की लंबाई 5 फीट, 8 इंच है। बचपन से ही उसकी लंबाई उसकी खूबी रही है। घर आने वाले हर रिश्तेदार और परिचित छूटते ही उसे देखकर कहते, 'नीरा की शादी तो खूब लंबे लड़के से होगी।' खुद के बारे में इन प्रतिक्रियाओं को सुन-सुन कर नीरा के दिलो-दिमाग में बचपन से ही यह बात बस गई कि उसका पति उससे लंबा होगा। लेकिन दिल में बसी इसी बात के चलते अब पिछले तीन सालों में एक दर्जन लड़के, जिनमें कई वाकई बहुत अच्छे थे, लेकिन सब रिजेक्ट हो चुके हैं। किसी की लंबाई नीरा के बराबर थी, किसी की लंबाई उससे महज एक-डेढ़ सेंटीमीटर ही ज्यादा थी, जबकि उसे तो कम से कम तीन से चार सेंटीमीटर लंबा पति चाहिए था। देखते ही देखते नीरा की अच्छी लंबाई उसकी शादी के लिए, एक बड़ी बाधा बन गई। यह अकेली नीरा की कहानी नहीं है। पिछले साल भारत में हुए एक सर्वे से पता चला था कि एक फीसदी लड़कियां भी अपने से जरा-सा भी छोटा लड़का शादी के लिए नहीं चुनतीं, भले अपने से ज्यादा लंबे लड़के की चाहत में उन्हें कई खूबियों से भरे लड़के छोड़ने पड़ें।

### उठाने पड़ सकते हैं नुकसान

अगर लड़कियां शादी के मामले में जरा भी समझौता नहीं करती हैं तो हमेशा उनकी जीत नहीं होती, कई बार उन्हें इस कारण कई नुकसान उठाने पड़ते हैं। यदि लड़के की लंबाई ज्यादा हो और लड़की की लंबाई कम, तो आमतौर पर इस बात पर सोच-विचार नहीं किया जाता, तो फिर लड़कियों की जरा सी ज्यादा हाइट को लेकर इतनी जिद क्यों दिखाई जाए? हालांकि ऐसी बात नहीं कि कम हाइट को लेकर संबंधों के मामले में हिचक न होती हो, लेकिन अगर लड़की की हाइट ज्यादा और लड़के की कम होती है, तो ये लड़की की कमतरी समझी जाती है। अगर लड़की की हाइट लड़के से जरा भी ज्यादा हो तो यह न सिर्फ लड़की के लिए कमतरी के एहसास वाला मुद्दा बन जाता है बल्कि घर-परिवार से लेकर खुद ऐसा लड़का भी, ऐसी लड़की से शादी नहीं करना चाहता। वास्तव में लड़कियों से लड़कों की कम लंबाई हमारे समाज में सामाजिक रूप से कमतरी समझी जाती है।



### बनी-बनाई धारणा

हाइट या रंग-रूप को लेकर सिर्फ एक अकेली लड़की की सोच की बात नहीं है, पूरे समाज में ही यह धारणा बनी हुई है कि लड़के को लड़की से थोड़ा लंबा ही होना चाहिए। लड़के लड़की के कलर कॉम्प्लेक्शन में ज्यादा अंतर नहीं होना चाहिए। हालांकि इसका कोई भी वैज्ञानिक कारण नहीं है। ज्यादा से ज्यादा बात यह हो सकती है कि राह में चलते हुए लोगों को उनकी जोड़ी ज्यादा आकर्षक न लगे, लेकिन यह भी बनी-बनाई धारणा ही है।

### आड़े आता है कलर कॉम्प्लेक्शन भी

सिर्फ हाइट को लेकर ही नहीं, लड़कियों में कलर कॉम्प्लेक्शन को लेकर भी वही सोच लागू होती है। जिन लड़कियों के रंग साफ होते हैं, वो कभी भी कम साफ रंग वाले लड़के से शादी नहीं करना चाहतीं। याद करें किसी जमाने में अफसरों और बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ऐसा होता रहा है कि उनके कैसे भी चेहरे-मोहरे होते रहे हों, लेकिन खूबसूरत बीवियां मिल जाती थीं। लेकिन अब मिडिल क्लास में बराबर की हैसियत रखने वालों के बीच ऐसा नहीं होता। लेकिन यह कोई उपलब्धि नहीं है। अनगिनत ऐसे बड़े और प्रभावशाली लोग हैं, जो खुद सांवले हैं, लेकिन उनकी पत्नियां बेहद गोरी हैं। लेकिन जब यही मामला बराबर की हैसियत वालों के बीच आता है, तो आमतौर पर सांवले रंग वाले लड़कों से कम सांवली लड़कियां शादी के लिए कतई तैयार नहीं होतीं। अगर किसी के मन में रंग को लेकर गैरबराबरी की भावना है, तो उससे निकलने का कोई वैज्ञानिक तरीका नहीं है। हम जान लें, न तो श्वेत रंग के लोग ज्यादा बुद्धिमान होते हैं और न ही अश्वेत लोग बेवकूफ होते हैं। इसलिए शादी में संभव हो तो रंग को भी कोई आधार नहीं बनाना चाहिए।

लब्बोलुआब यह कि मामला कलर कॉम्प्लेक्शन का हो या कम हाइट का, लड़कियों को अपनी शादी के लिए इश्यू नहीं बनाना चाहिए। जब शादियां गैरबराबरी स्तर पर होती हैं, उनमें बराबर की सोच, समझ और सम्मान की जगह एकतरफा अधिकार की भावना होती है, वहां रंग या हाइट कोई मायने नहीं रखता। *

---

लाइफस्टाइल / सरस्वती रमेश

अगर आपको जिंदगी में ज्यादा एचीव करना है तो अपने आस-पास के लोगों से कुछ ज्यादा करना होगा, अलग हटकर भी सोचना होगा। अपनी अहमियत को समझते हुए नित्य अपनी क्षमताओं को बढ़ाना होगा।

## जीवन में चाहते हैं अगर कुछ ज्यादा




हमारे पास जो है, हम उससे थोड़ा और ज्यादा पाने की कोशिश करते हैं, लेकिन पुराने ढर्रे पर काम करते हुए कुछ एक्स्ट्रा हासिल नहीं किया जा सकता है। यदि हम अतिरिक्त की उम्मीद रखते हैं तो अतिरिक्त प्रयास और कार्य के ढंग में बदलाव लाने होंगे। इस दिशा में हमारी सोच एक बड़ी भूमिका निभाती है।

**एक कदम आगे की सोचें:** यदि आप कुछ अतिरिक्त हासिल करना चाहती हैं तो आपको अपने आस-पास के लोगों से अच्छा प्रदर्शन करना होगा, अपनी सोच, इनसे एक कदम आगे की रखनी होगी। किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जितने भी आइडिया आपके पास हैं, उसमें कुछ नए आइडियाज जोड़ने पड़ेंगे। बिल्कुल उस तरह, जिस तरह एक पेंटर अपनी पेंटिंग को सबसे अलग और आकर्षक बनाने के लिए, उसमें अपनी कल्पनाओं को जोड़ता है।

**भय से रहें मुक्त :** हम सब कंफर्ट जोन में रहना पसंद करते हैं। मतलब जो कर रहे हैं, उससे अलग और हटकर करने से हिचकते हैं। हमें असफल होने का भय रहता है। जब तक इस सोच से नहीं उबरेंगे, तब तक अतिरिक्त की उम्मीद करना बेकार ही होगा।

**अपनी अहमियत समझें:** हम अकसर अपने से अधिक कामयाब व्यक्ति को देखकर हीनभावना से भर जाते हैं। हमें लगता है, सामने वाला अधिक योग्य है। उसने जो हासिल किया है, हम नहीं कर सकते। जबकि यदि हम अपनी अहमियत समझें और खुद पर भरोसा रखें तो वह भी हासिल कर सकते हैं जो सोचा भी नहीं था। खुद की अहमियत को समझें और पूरी ईमानदारी से जुट जाएं।

**कटु अनुभवों को भूल जाएं:** हम सबके साथ अच्छी-बुरी घटनाएं घटती हैं। हम अच्छी घटनाओं से खुश होते हैं, बुरे अनुभवों से दुखी। लेकिन कुछ लोग बुरे अनुभवों से निकलने का प्रयास नहीं करते। जबकि आगे बढ़ने के लिए पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। कहने का मतलब बुरे अनुभवों के सबक याद रखिए, बुरे अनुभव नहीं। *

### अपनी क्षमताओं को निरंतर बढ़ाएं

अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में काम करना बहुत जरूरी है। आज लगभग हर प्रोफेशन में तकनीक की भूमिका बढ़ती जा रही है। तकनीक में नित नए बदलाव होते रहते हैं। अपने फील्ड की पूरी जानकारी होने के बावजूद तकनीकी जानकारी के बिना व्यक्ति की क्षमता का सही आकलन मुश्किल है। इसलिए नई चीजों को सीखना, उनका प्रयोग करना और उससे अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाना जरूरी है।

---

बिहेवियर / शिखर चंद जैन

कई लोगों का इंप्रेशन सबकी नजर में बहुत अच्छा होता है, ये सबके प्रिय होते हैं, इनके सभी काम देखते-देखते बहुत आसानी से हो जाते हैं। ऐसी इंप्रेसिव पर्सनालिटी होना कोई बहुत मुश्किल बात नहीं है, बस अपने बिहेव में कुछ बातों का ध्यान रखें।

## इतना मुश्किल भी नहीं है लोगों को इंप्रेस करना

नंदिनी पता नहीं तूने ऐसा क्या जादू कर रखा है, ऑफिस कुलीग्स हों या रिलेटिव्स तुझसे सब खूब इंप्रेस रहते हैं। हर कोई तुझसे ही सलाह लेता है, अपनी प्रॉब्लम शेयर करता है और तेरे कहे काम भी चुटकियों में हो जाते हैं। मुझे तो कभी-कभी तेरे से जलन-सी होती है।' लंच ब्रेक के दौरान महक ने यह बात नंदिनी से कही। उसने मुस्कुरा कर जवाब दिया, 'जादू-वादू कुछ नहीं है। बस सिंपल एटिकेट्स, मेरा बिहेवियर और कुछ छोटी-छोटी ऐसी आदतें हैं, जो बहुत अलग या जटिल नहीं हैं लेकिन लोगों का दिल जीतने के लिए जरूरी हैं। ये बातें कोई भी इंसान अपना कर लोगों को प्रभावित कर सकता है।' नंदिनी ने महक को ऐसी कई बातें भी बताईं, जिन्हें वह अपने बिहेवियर में शामिल कर सबकी प्रिय बने।

**किसी से बहस ना करें :** इस दुनिया में हर किसी के अपने विचार होते हैं। जरूरी नहीं कि आपको दिनभर ऐसे ही लोगों से काम पड़े या बात करनी पड़े, जिनके विचार आपसे मिलते हों। व्यर्थ में किसी से उलझें नहीं, ना उनके विचारों को काटें, ना अपने विचारों से उन्हें सहमत करने की कोशिश करें। ऐसी कोशिश से आपकी ऊर्जा और समय दोनों नष्ट होते हैं, सामने वाले से संबंध खराब होते हैं, साथ ही दूसरों के समक्ष आपकी इमेज लड़ाकू इंसान की बनती है, जबकि इससे फायदा कुछ भी नहीं होता।



**लोगों को धन्यवाद कहना सीखें :** अपने भीतर विनम्रता और कृतज्ञता बहुत अच्छी बातें हैं। इनके दूरगामी प्रभाव होते हैं। जब आप छोटी-छोटी सहायता या सहयोग के लिए लोगों को धन्यवाद देती हैं तो लोग आपसे प्रभावित होकर आपके कामों को बहुत आसानी से करने के लिए तत्पर रहते हैं। कोई आपके लिए कुछ भी करे, चाहे वह मदद हो, सीट देने की पेशकश हो, उपहार दे, उसके प्रति मुस्कुरा कर आभार जरूर प्रकट करें। इससे आपकी इमेज एक सभ्य और विनम्र इंसान की बनेगी।

**जिम्मेदारी लेना भी सीखें:** कई लोग अपनी जिम्मेदारियों से बचते हैं, दूसरों पर थोपते हैं लेकिन किसी काम की सफलता का श्रेय खुद लेना चाहते हैं, जबकि होना इसके विपरीत चाहिए, आपको आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेनी चाहिए। चाहे वह ऑफिस वर्क हो, किसी भी कार्यक्रम या प्रोजेक्ट की सफलता पर आपको टीम मेंबर्स, कुलीग्स या परिवार के लोगों को श्रेय देना चाहिए। इससे आपके प्रति लोगों की राय एक भले और सुलझे हुए इंसान की बनेगी।

**मौरल बूस्ट करें :** कई बार परिवार का कोई सदस्य, रिश्तेदार, पड़ोसी या ऑफिस कुलीग परेशान रहता है, वह नर्वस या लो फील करता है। ऐसे में आपको बेहद अपनेपन और नरमी से उसकी परेशानी जाननी चाहिए। आपसे जो संभव हो, उसकी मदद करें, उसका हौसला बढ़ाएं। आप चाहें तो उसे आस-पास के कुछ लोगों का उदाहरण देकर उसका आत्मबल बढ़ाएं।

**प्रशंसा करें और विश्वास जीतें :** किसी ने कोई अच्छा काम किया है तो उसकी खुलकर प्रशंसा करें। इसमें कंजूसी ना करें। कई लोग किसी की बुराई करनी हो तो उसकी पूरी गाथा सुना देंगे, लेकिन प्रशंसा करने में उनके मुंह में दही जम जाती है। जब आप किसी की प्रशंसा करती हैं तो उसका मौरल बूस्ट होने के साथ-साथ उसके साथ आपके रिश्ते भी मजबूत होते हैं। ऐसा व्यक्ति प्रतिक्रिया के रूप में आपकी सादगी, सरलता और शिष्टता का कायल होता है और हर जगह आपकी प्रशंसा करता फिरेगा। जाहिर है, इससे समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा, आप सबकी प्रिय बनेंगी। *

---




एडवाइस / मेघा राठी

## रखें अपनी खुशी का भी ध्यान

दूसरों की खुशी का ध्यान रखना अच्छी बात है, लेकिन हम अपनी खुशी का ध्यान ना रखें, एक तरह से यह अपने प्रति अन्याय है। अपनी आकांक्षाओं को दबा लेना, किसी की गलत बातों को लेकर चुप रहना, अपने भीतर किसी के लिए असंतोष हो, यह सोचकर चुप रहें कि वह बुरा ना मान जाए और उसे देखकर चेहरे पर बनावटी मुस्कान ले आएं, यह अपने आपको धोखा देने जैसा है।

**स्वयं के प्रति है हमारा कर्तव्य :** क्या स्वयं के प्रति हमारा कर्तव्य नहीं है कि हम खुश रहें? हमें किसी से कोई शिकायत है, हम आहत हैं लेकिन अपनी बात मात्र इस भय से उससे ना कहें कि वह बुरा मान जाएगा, क्या ऐसी सोच गलत नहीं है? संभव है कि हम अपनी बात अच्छे से रखने में सक्षम हों, रिश्तों को बेहतर बनाए रखना चाहते हों। इस संदर्भ में यह जान लेना भी जरूरी है कि अपने मन के असंतोष को घुटन में बदलना अवसाद को जन्म देना है, इससे इंसान मानसिक रूप से कमजोर बनता है। संसार में जन्म लेने के बाद हम एक सामाजिक प्राणी हो जाते हैं, परिवार और समाज के प्रति हमारे कुछ कर्तव्य-दायित्व हैं, इसका बोध सभी कराते हैं, किंतु हमारा स्वयं के प्रति भी एक दायित्व है कि हम खुश रहें, यह कोई नहीं समझाता। इसे स्वयं ही समझना पड़ता है।

**हर दिन करें स्वयं को खुशी देने वाले कार्य :** स्वयं के प्रति अपना कर्तव्य समझ कर अपनी खुशी के लिए कुछ करना स्वार्थ नहीं है, जब तक कि उससे किसी अन्य का नुकसान ना हो। इसलिए प्रतिदिन कोई एक कार्य ऐसा अवश्य करें, जो आपको खुशी दे। यह खुशी आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखेगी, आपकी आत्मिक उन्नति में सहायक रहेगी। *

### करें अपना आत्मावलोकन

आत्मसंतोष व्यक्ति को प्रसन्नता का अहसास कराता है, आत्मसंतोष की यह पूंजी स्वयं से साक्षात्कार करने पर प्राप्त होती है। आत्मावलोकन के क्षणों में उन पलों को याद करें, जब हमारे कारण किसी के चेहरे पर मुस्कुराहट आई हो। साथ ही स्मरण करें, अपनी उन विकट परिस्थितियों को, जब आप टूटे नहीं अपितु धैर्य के साथ उनका सामना कर उबरे। इन क्षणों को याद कर स्वयं को शाबाशी दें, अपने मुख को दर्पण में देखें। एक असीम खुशी मिलेगी।





अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

समर सीजन में ऐसी ड्रेसेस सेलेक्ट करना थोड़ा टफ होता है, जिसमें आपको कंफर्ट फील हो और अट्रैक्टिव भी नजर आएं। लेकिन अगर आप थोड़ी सी समझदारी दिखाएं तो ऐसे कई ड्रेस ऑप्शंस आपको मिल जाएंगे। ऐसे ही कुछ ड्रेसेस के बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# समर सीजन ड्रेस सेलेक्शन
# कलर-कॉम्बिनेशन हो परफेक्ट



ड्रेसअप / निधि गोयल

गर्मी के मौसम में अपने लिए कोई भी ड्रेस सेलेक्ट करते समय उसके फैब्रिक और खासतौर पर उसके कलर का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि ज्यादा गहरे रंग गर्म मौसम में फबते नहीं हैं, साथ ही उनमें गर्मी भी ज्यादा लगती है। तो ऐसे में जरूरी है कि आप हल्के रंगों को ही अपने वार्डरोब में शामिल करें। हल्के रंगों में भी उन रंगों को शामिल करें, जो एवरग्रीन रहते हैं।

**व्हाइट क्रॉप टॉप विद डेनिम स्कर्ट:** गर्मियों में व्हाइट और क्रीम कलर ड्रेसेस बेहद सुंदर नजर आती हैं। साथ ही इनमें आपका लुक एलीगेंट दिखता है। क्रॉप टॉप में आपको मार्केट में बहुत सारे कलर्स और डिजाइन मिल जाएंगे। लेकिन आपको लाइट कलर को ही इंपॉर्टेंस देनी चाहिए। क्रॉप टॉप के साथ डेनिम स्कर्ट पहनें तो आपका लुक बहुत स्टाइलिश नजर आएगा। डेनिम स्कर्ट इस तरह की लें, जो कॉटन बेस्ड हो। इससे आपको पसीना आने पर भी गर्मी नहीं लगेगी।

**पिंक-पीच कलर अनारकली सूट:** सूट्स में बहुत सारी वैरायटीज आपको मार्केट में मिल जाएंगी। लेकिन महिलाओं को गर्मियों में कॉटन के अनारकली सूट काफी भाते है। इसमें कलर की बात की जाए तो आप पिंक और पीच कलर को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं, क्योंकि ये कलर समर्स में सुंदर और आंखों को ठंडक देते हैं। जब आप इस कलर के कॉटन सूट पहनती हैं तो आपको गर्मी भी कम लगती है। इनमें काफी वैरायटीज मार्केट में उपलब्ध हैं।

**लेमन-लाइट ब्लू कलर साड़ी:** यदि साड़ी की बात की जाए तो समर्स में जब आप लेमन या फिर लाइट ब्लू कलर की साड़ी पहनती हैं तो आपका लुक खिला-खिला लगेगा। इनमें फैब्रिक की बात करें तो खादी या कॉटन या फिर ऑरेंगेजा की साड़ी बेहद सुंदर और सोबर नजर आती हैं। इन्हें आप किसी भी ऑकेजन में पहनकर जा सकती हैं, आपका लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।



व्हाइट टॉप विद डेनिम स्कर्ट



लाइट ब्राउन वन पीस ड्रेस




लेमन कलर्ड कॉटन साड़ी

**लाइट ग्रीन या पर्पल कलर कोड सेट:** कुछ डिफरेंट ट्राई करने के लिए आप कोड सेट में लाइट कलर्स पहन सकती हैं। इन समर्स के लिए लाइट ग्रीन या फिर पर्पल कलर को वार्डरोब में शामिल करें। ये कलर बेहद सुंदर नजर आते हैं और जब आप कोड सेट में इन्हें पहनती हैं तो इनमें आप मॉडर्न नजर आएंगी।

**लाइट ब्राउन वन पीस ड्रेस:** अगर आपको वेस्टर्न ड्रेसेस में कुछ डिफरेंट और मॉडर्न ट्राई करना है तो आप लाइट ब्राउन कलर की वन पीस ड्रेस पहन सकती हैं। ये बहुत एलीगेंट नजर आती है। इसे आप दोपहर के समय में होने वाले किसी फंक्शन में पहनकर जा सकती हैं। इनमे अगर फैब्रिक की बात की जाए तो आप कॉटन या जॉर्जट फैब्रिक में इन्हें ट्राई कर सकती हैं। *

**(फैशन डिजाइनर ममता आनंद से बातचीत पर आधारित)**

### जब करें ज्वेलरी सेलेक्शन



गर्मी के मौसम में अगर आपको किसी फंक्शन में शामिल होना हो तो ऐसी ज्वेलरी सेलेक्ट करें, जिसमें आपका लुक परफेक्ट नजर आए। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें। जैसे-यदि आपको कोई भी मॉडर्न ड्रेस पहननी है तो उसके साथ आप थोड़ी मॉडर्न स्टाइल की ज्वेलरी पहनें। आजकल बीड्स वाली या मोटे स्टोन में ज्वेलरी ट्रेंड में हैं। इन्हें जब आप वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहनती हैं तो और भी अधिक मॉडर्न नजर आएंगी। जब भी आप सूट कैरी करें तो उसके साथ आप गोल्ड लुक या सिल्वर लुक में चेन पहनें। ऐसी चेन में आपका सिंपल लुक भी अट्रैक्टिव दिखेगा। साथ ही आपको दुपट्टा कैरी करने में भी दिक्कत नहीं होगी। अगर चेन में पेंडेंट हो तो यह और भी सुंदर नजर आएगी। अगर आपने साड़ी पहनी है तो उसके साथ मोतियों की माला कैरी कर सकती हैं। लेकिन वो साड़ी से मैचिंग होनी चाहिए। इसमें आपका ओवर ऑल लुक खास नजर आएगा। कॉटन साड़ी के साथ आप एंटीक ज्वेलरी भी पहन सकती हैं।

एसेसरीज / ललिता गोयल

## धूप में आइज प्रोटेक्शन के लिए
# स्टाइलिश-अट्रैक्टिव सनग्लासेस



इन दिनों तेज धूप में अगर घर से बाहर निकलना पड़े तो स्किन के साथ आइज प्रोटेक्शन भी जरूर करें। इसके लिए आप कुछ स्टाइलिश-ट्रेंडी सनग्लासेस ट्राय कर सकती हैं।


गर्मी का मौसम शुरू होते ही तेज धूप से आंखों को बचाने के लिए सनग्लासेस ही एकमात्र उपाय होते हैं। सनग्लासेस आंखों को केवल धूप से ही नहीं बचाते बल्कि स्टाइलिश लुक भी देते हैं। सनग्लासेस आंखों को यूवी रेज से सुरक्षा प्रदान करते हैं, साथ ही ये आपके लुक को इन्हैंस करने में भी मदद करते हैं। अगर आप भी इन गर्मियों में अपने लिए कुछ ट्रेंडी और यूनिक सनग्लासेस लेने की सोच रही हैं तो यहां बताए जा रहे ऑप्शंस ट्राय कर सकती हैं।



**रेट्रो कैट आई सनग्लासेस:** ये सनग्लासेस चेहरे को विंटेज लुक देते हैं। इस स्टाइल के सनग्लासेस चेहरे की खूबसूरती बढ़ा देते हैं। ये सनग्लासेस फैशन से कभी आउट नहीं होते हैं। ये फ्रेम कॉर्नर की तरफ से थोड़े शार्प होते हैं और इस वजह से आपके ओवरऑल लुक को बदल देते हैं।



**एविएटर सनग्लास:** एविएटर सनग्लासेस को पहले लड़कों के लिए मार्केट में लाया गया था, पर अब इसे लड़कियां भी पहनना पसंद करती हैं। वुमेन एविएटर सनग्लासेस इसलिए फेमस हैं क्योंकि इनका लेंस थोड़ा बड़ा होता है और यह कई कलर्स में मिलते हैं। इस वजह से ये सनग्लासेस कॉलेज गोइंग गर्ल्स और यंग वर्किंग वूमेन को खूब पसंद आते हैं।



**राउंड शेप सनग्लासेस:** इन गर्मियों में आप ट्रेंडी राउंड शेप सनग्लासेस भी वियर कर सकती हैं। इस तरह के फ्रेम आपको रेट्रो वाइब देते हैं। आप किसी भी आउटफिट के साथ इस तरह के सनग्लासेस ट्राई कर सकती हैं। ये फ्रेम आपको कूल लुक भी देते हैं। राउंड सनग्लासेस डिफरेंट कलर, साइज और थिकनेस वाले फ्रेम्स में अवेलेबल हैं।




**ओवरसाइज्ड स्क्वायर फ्रेम सनग्लासेस:** अधिकतर सेलेब्स ओवरसाइज्ड स्क्वायर फ्रेम के सनग्लासेस पहनते हैं। ये फ्रेम ड्रामेटिक और एलिगेंट लुक देते हैं। आप इस तरह के फ्रेम के लिए क्लासिक ब्लैक कलर भी चुन सकती हैं। स्क्वायर सनग्लासेस हमेशा ट्रेंड में रहते हैं। इसे पहनने के बाद फेस का लुक बदल जाता है। ये ओवल और राउंड फेस पर ज्यादा अच्छे लगते हैं।

**फोल्डेबल सनग्लासेस:** आजकल फोल्डेबल सनग्लासेस का यंग वूमेन के बीच काफी ट्रेंड देखा जा रहा है। फोल्डेबल सनग्लासेस कैरी करने में नॉर्मल सनग्लासेस के मुकाबले ईजी होते हैं और छोटे से हैंडबैग में भी आसानी से फिट हो जाते हैं।

**पोलराइज सनग्लासेस:** ब्राउन शेड में आने वाले पोलराइज सनग्लासेस कॉलेज गोइंग गर्ल्स की फर्स्ट च्वाइस बन गए हैं। इनकी खासियत यह होती है कि यह ज्यादातर स्किन टोंस पर अच्छे लगते हैं और उन्हें बहुत ही अट्रैक्टिव लुक देते हैं। *

लघुकथा / हरीशचंद्र पांडे

# हिम्मत



कोमल एक अध्यापिका है। आज दोपहर वह जैसे ही घर आई, उसकी भाभी ने उसे मेकअप करके तैयार होने को कहा। कोमल समझ गई, आज फिर शादी के लिए लड़के वाले उसे देखने आ रहे हैं। वह किसी शोपीस की तरह अनजान लोगों के सामने पेश की जाएगी। कोमल इस सब से ऊब चुकी थी।

कोमल ने भाभी से बात करके आने वाले युवक का फोन नंबर लिया। उसने अपनी आवाज में उस युवक को मैसेज भेज दिया कि वह एक सांवले रंग की साधारण युवती है। मेकअप में उसकी कोई रुचि नहीं है। वह जैसी है, वैसी ही दिखना पसंद करती है, इसलिए सोच-विचार कर ही वह हमारे घर पधारें। कुछ ही मिनट में कोमल को मैसेज का जवाब मिला, 'आपसे मिलना है, आपके मेकअप वाले चेहरे से नहीं। कृपया कुछ देर गपशप का समय दीजिए।'

कोमल यह जवाब पाकर काफी सहज हो गई। समय पर युवक और उसके माता-पिता पधारे। कुछ देर में ही युवक ने कोमल से अपने मन की बात साझा कर दी कि उसे अपने जीवनसाथी के रूप में पाना उसके लिए सौभाग्य की बात होगी।

कोमल को भी उससे बात करके अच्छा लगा। उसने हिम्मत करके सच बोला था, फलस्वरूप एक सुयोग्य जीवनसाथी खोज लिया था। आज वह बहुत खुश थी। *

घर का अट्रैक्टिव इंटीरियर दिखने में तो अच्छा लगता ही है, यह हमारे मूड को भी फील गुड कराता है। इसमें फर्नीचर, रोशनी और डेकोरेटिव आइटम्स के साथ ही इनका प्रॉपर अरेंजमेंट भी बहुत इंपॉर्टेंट रोल निभाते हैं।

# इंटीरियर हो ऐसा
# मूड करे फील गुड



होम अरेंजमेंट / मधु सिंह

घर के इंटीरियर का हमारे मूड से भी गहरा रिश्ता होता है। करीने से सजा और अट्रैक्टिव इंटीरियर डिजाइन हमें खुश रखता है। उनके इर्द-गिर्द रहते हुए हम वैसी बेचैनी नहीं महसूस करते, जैसी बेचैनी बेतरतीब फैली चीजों और अनमैनेज्ड इंटीरियर के बीच महसूस करते हैं।

### रंगों का पड़ता है गहरा असर

इंटीरियर में जो बातें खासकर हमें प्रभावित करती हैं, वो हैं मन को भाने वाली डिजाइन और कलर कॉम्बिनेशन। रंगों का हमारी मनोदशा से हमेशा गहरा संबंध होता है। रंग हमें बेचैन कर सकते हैं। रंग हमें अशांत कर सकते हैं। रंग हमें प्रफुल्लित, कूल और शांत भी रखते हैं। इन रंगों का हमारे घर के इंटीरियर डिजाइन से हर कदम पर एक खास रिश्ता होता है। हर इंसान के कुछ पसंदीदा रंग होते हैं। किसी के लिए हल्का नीला, तो किसी को हल्का हरा या कोई गुलाबी रंग से प्रफुल्लता का एहसास करता है। अगर हमारे घर में हमारे रंगों की इस चाहत को ध्यान में रखकर पर्दे लगाए जाएं, सोफे के कवर और बेडरूम की चादरों का हम अपने मूड को अच्छा बनाने वाले पसंदीदा रंगों के अनुकूल बनाएं तो हमें ये चीजें खुश रखती हैं, हमारे अंदर स्फूर्ति भरती हैं। आमतौर पर लाल और पीला रंग लोगों को ऊर्जावान बनाता है। इसलिए अगर हम अपने इर्द-गिर्द के रंगों को विशेषकर इंटीरियर के माध्यम से नियंत्रित कर लें तो हमें वह इंटीरियर आकर्षित करता है, खुश रखता है और हममें स्फूर्ति भरता है। इसलिए खासकर समर सीजन में इंटीरियर कलर पर ध्यान देना चाहिए।

### व्यवस्थित सजावट से मिले सुकून

अगर घर साफ-सुथरा है, हर चीज सजी-संवरी और सही जगह पर है तो यह सब देखकर मन को एक सुकून और राहत का एहसास होता है। इसके विपरीत अगर घर अस्त-व्यस्त है, हर चीज इधर-उधर बेतरतीब सी पड़ी है तो इसे देखकर सिर्फ मूड ही नहीं खराब होता बल्कि मानसिक रूप से बेचैनी भी महसूस होती है। यह अकारण नहीं है कि हम घर में अपनी बैठक बनाते समय वहां शानदार फर्नीचर रखते हैं और गोदामों में या दूसरे स्टोर रूम्स में चीजों को भर देते हैं। इसके पीछे वजह यही है कि स्टोर रूम में हमें रहना नहीं होता, देर तक बैठना नहीं होता है। लिविंग रूम या ड्राइंग रूम में घंटों समय बिताना होता है, जिससे घरों में लिविंग रूम या बेडरूम का इंटीरियर सबसे अच्छा और दिल को सुकून पहुंचाने वाला तैयार किया जाता है।

### कर सकती हैं डोपामाइन डेकोरेशन



आजकल घरों में डोपामाइन डेकोरेशन का चलन बढ़ रहा है। दरअसल, डोपामाइन हमारे शरीर में रिलीज होने वाला ऐसा हार्मोन है, जिनसे हम अच्छा महसूस करते हैं। डोपामाइन डिजाइन का मतलब यही होता है कि घर का इंटीरियर ऐसा हो, जो हमारे लिए खुश बनाने वाले डोपामाइन हार्मोन रिलीज करे। इसके लिए आप घर में अपने हाथ से बने डेकोरेटिव पीसेस एक क्रम में टांगकर दीवारों को आर्टिस्टिक थीम दे सकती हैं। ये चीजें भी मूड को अच्छा बनाने वाली होती हैं। आप भी इनका यूज कर सकती हैं। इससे इंटीरियर डिजाइन बहुत अट्रैक्टिव नजर आएगा।


### रोशनी का भी पड़ता है असर

घर में पर्याप्त रोशनी भी हमें उत्साहित करती है। इसलिए इस बात को अच्छे तरीके से जानें कि घर में किस जगह कितनी और कैसी रोशनी की जरूरत है। कम रोशनी डिप्रेशन में धकेलती है और ज्यादा रोशनी बेचैन करती है और चिड़चिड़ा बनाती है। इसलिए कमरे में रोशनी का संतुलन होना चाहिए। अगर छिपी हुई रोशनियों से घर रोशन होता है तो अच्छा लगता है। सेंट, कैंडल्स और घर के अंदर, बाहर रखे जाने वाले पसंदीदा पौधे भी घर के इंटीरियर में चार चांद लगाते हैं।

### इन पर करें गौर

मन को पसंद आने वाला इंटीरियर, विशेषकर गर्मियों में हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। थोड़ी सी सजगता से हम अपने इंटीरियर को अपनी चाहत, खुशियों और ऊर्जावान बने रहने का जरिया बना सकते हैं। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

- वैसे तो हर मौसम में घर साफ-सुथरा ही अच्छा लगता है। लेकिन गर्मियों में विशेष रूप से घर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। इससे गर्मी और बेचैनी कम महसूस होती है।
- कमरे के लेआउट, फर्नीचर के प्लेसमेंट को अपने पसंदीदा रंगों और डिजाइन के अनुसार बनाएं।
- इस सीजन में लाइट कलर के पर्दे, कुशन कवर, बेड शीट्स और पिलो कवर का यूज करें। *



वैसे तो किसी भी बीमारी से महिला हो या पुरुष, दोनों को लगभग एक ही तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार डायबिटीज से ग्रस्त महिलाओं को अधिक प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं। इसलिए उन्हें प्रॉपर हेल्थ केयर की जरूरत होती है।

# डायबिटिक महिलाएं
# ऐसे करें हेल्थ केयर

सजेशन / अंजू जैन

अस्त-व्यस्त लाइफस्टाइल और डाइट हैबिट की वजह से आजकल महिलाएं और पुरुष दोनों डायबिटीज से ग्रस्त होने लगे हैं। देखने में आता है कि पुरुषों के मुकाबले इस बीमारी में महिलाओं को अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसलिए उन्हें अधिक सजग रहना जरूरी है।

**बॉडी वेट डिसबैलेंस :** डायबिटीज के कारण वजन घटना या बढ़ना सामान्य बात है। साथ ही इंसुलिन लेने और स्किन की समस्या बढ़ने से महिलाओं का फिगर डिसबैलेंस होने लगता है। इससे उनके आत्मविश्वास में कमी देखी जाती है। कई बार इस बीमारी से महिलाओं को मानसिक समस्याएं और ईटिंग डिसऑर्डर भी होने लगता है।

**डायबिटीज बर्नआउट :** डायबिटीज मैनेजमेंट यानी इसे कंट्रोल रखना एक लॉन्ग टर्म प्रक्रिया है। अनियंत्रित ब्लडशुगर और इससे उत्पन्न हेल्थ इश्यूज परेशान करने वाले हो सकते हैं। कई बार तमाम प्रतिबंधों और परहेज से महिलाएं उकता जाती हैं। इससे उन्हें लगता है कि वे अपनी इच्छा के अनुरूप नहीं जी पा रही हैं। यह स्थिति हताशा, थकान और उदासी का सबब बन जाती है।



**इनफर्टिलिटी रिलेटेड इश्यूज:** डायबिटीज के कारण प्रजनन अंगों में कई समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं और सेक्सुअल हेल्थ प्रभावित होती है। वेजाइनल ड्राइनेस, रिप्रोडक्टिव ऑर्गंस की ब्लड वेसल्स में क्षति, दर्द आदि आम समस्याएं भी हो सकती हैं। साथ ही पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम और पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर जैसी समस्याएं भी महिलाओं को परेशान करती हैं। इससे मेंस्ट्रूअल साइकिल में गड़बड़ी, फर्टिलिटी और ओवुलेशन की प्रॉब्लम होती है। जाहिर है इससे गर्भधारण और डिलीवरी की प्रक्रिया जटिल हो सकती है।

**हार्ट डिजीज का रिस्क:** डायबिटीज हार्ट डिजीज का एक बड़ा रिस्क फैक्टर होता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में इसका ज्यादा जोखिम होता है। टाइप टू डायबिटीज से पीड़ित कई महिलाओं में तो हार्ट डिजीज पहले से होता है या कार्डियो वैस्कुलर प्रॉब्लम दिखने लगती हैं। डायबिटीज से पीड़ित महिलाओं में कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ना, हाइपरटेंशन, मोटापा, वैस्कुलर फंक्शन में गड़बड़ी आदि समस्याएं दिखने लगती हैं। असल में महिलाओं में डायबिटीज से इन्फ्लेमेशन और हार्मोनल असंतुलन भी बढ़ सकता है। इसलिए उन्हें खास सावधानियां बरतते हुए दवा के साथ-साथ लाइफस्टाइल और खान-पान की आदतें भी बदल लेनी चाहिए।

**समयपूर्व मेनोपॉज:** आमतौर पर मेनोपॉज की उम्र 45 से 50 साल के बीच होती है। लेकिन मधुमेह से पीड़ित महिलाओं में यह कई बार जल्दी ही हो जाता है। डायबिटीज के कारण मेटाबॉलिक प्रक्रिया तो डिस्टर्ब होती ही है साथ ही फीमेल हार्मोस भी डिस्टर्ब होते हैं। *

**(कोलकाता मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ. रविकांत सरावगी से बातचीत पर आधारित)**

### रोकथाम के उपाय

यहां बताई गई इन परेशानियों से बचाव के लिए कुछ कारगर उपाय आजमा सकती हैं।

- अगर आपका वजन औसत से ज्यादा है, तो कोशिश करके इसे घटाएं। पांच किलो वजन घटाना भी काफी मायने रखता है। 50 से 70 की उम्र में ओवरवेट होना समयपूर्व मृत्यु का एक बड़ा कारण हो सकता है।
- नियमित व्यायाम से ब्लड शुगर कम होता है, वजन घटता है और हार्ट डिजीज से भी प्रोटेक्शन मिलता है। जो डायबिटीज के रोगियों की अचानक होने वाली डेथ का प्रमुख कारण है। हर रोज 20-30 मिनट टहलने की आदत डालें।
- हर एक ग्राम वसा में 9 ग्राम कैलोरी होती है, जबकि प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट में सिर्फ 4 ग्राम। आप वसा के सेवन में कटौती करके कैलोरी से बच सकते हैं। गुड फैट भी कम ही लें।
- चीनी, मैदा, चावल, सॉफ्ट ड्रिंक्स में प्रयुक्त स्वीटनर और प्रोसेस्ड फूड हेल्थ के लिए सही नहीं हैं। इसमें फाइबर न होने से ये सीधी और तेजी के साथ एब्जॉर्ब हो जाती हैं, जिससे ब्लड शुगर बढ़ जाता है। इससे पैंक्रियाज ग्लैंड्स, इंसुलिन उत्पन्न करने लगता है। लगातार ऐसा होने पर डायबिटीज की आशंका बढ़ जाती है।
- फल, सब्जियों आदि के सेवन से पेट जल्दी भरता है, जिससे आप ओवरईटिंग से बच सकती हैं।




अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक

हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## जैकेट के शेष

### 19 आदिवासी श्रमवीरों...

जानकारी लगते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। तत्काल कुकदूर पुलिस तथा डॉयल 112 को सूचना दी गई। भीषण सड़क हादसे की सूचना पाकर मौके पर दलबल के साथ पहुंची टीम ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा। मृतकों के शवों को एकत्र कर अस्पताल भेजा गया। शाम होते-होते घायल ग्रामीणों में से चार महिलाओं ने और दम तोड़ दिया, जिसके बाद हादसे में मरने वालों की संख्या 19 पहुंच गई। जिसमें एक पुरुष और 18 महिलाएं शामिल हैं।

**सेमहारा में पसरा मातम :** हृदय विदारक सड़क हादसे और उसमें 19 लोगों की मौत की खबर से जैसे ही सेमहरा पहुंची, पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतकों के परिजन अपनों का हाल चाल जानने दौड़ते भागते घटनास्थल की तरफ भागे। बताया जाता है कि मृतकों के परिजनों को शव पीएम के बाद सौंपे जाएंगे। **घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती :** घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य कुकदूर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। चिकित्सकों के मुताबिक अभी घायलों की स्थिति स्थिर बनी हुई है।

### रोड एक्सीडेंट को लेकर...

से एक और बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है। गौरतलब है कि 30 अप्रैल को बेमेतरा में एक समारोह से लौट रहे पिकअप वाहन के एक ट्रक के टकराने से नौ लोगों की मौत हुई थी। इसके पूर्व कुम्हारी में शराब कंपनी में काम कर वापस लौट रहे कर्मचारियों की बस पलटने से एक दर्जन से ज्यादा की मौत हुई थी। बावजूद इसके प्रशासन ने इस पर सुध नहीं ली, जिसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने पर एक्सीडेंट का खतरा ज्यादा रहता है। कवर्धा में रोड एक्सीडेंट में जिन लोगों की मौत हुई है, वो सभी मालवाहक वाहन से आ रहे थे।

### बंगाल में हिंसा, ओडिशा में...

(टीएमसी) और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि आयोग को विभिन्न राजनीतिक दलों से 1,036 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें ईवीएम में खराबी और कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्रों में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया गया था। आरामबाग निर्वाचन क्षेत्र के खानाकुल इलाके में टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हुई। वहीं, हुगली निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा की मौजूदा सांसद और पार्टी उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी को टीएमसी विधायक आशिमा पात्रा के नेतृत्व में पार्टी (टीएमसी) कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। जब चटर्जी एक मतदान केंद्र पर जा रही थीं, तो उन्हें कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और 'चोर-चोर' के नारे लगाए, जिसके बाद भाजपा सांसद अपनी कार से उतरीं और उनके खिलाफ जवाबी नारेबाजी की। पुलिस और केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और दोनों समूहों को भिड़ने से रोका। हावड़ा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से भी हिंसा की खबरें आईं। हावड़ा के लिलुआ इलाके में भाजपा ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बूथ जाम करने का आरोप लगाया, जिससे दोनों समूहों के बीच झड़प हुई। केंद्रीय पुलिस बल के जवान इलाके में पहुंचे और समर्थकों को तितर-बितर किया। बनगांव निर्वाचन क्षेत्र के गायेशपुर इलाके में भाजपा के स्थानीय नेता सुधीर विश्वास को एक मतदान केंद्र के बाहर टीएमसी समर्थकों ने कथित तौर पर पीटा। विश्वास को बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। बनगांव के कल्याणी क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार शांतनु ठाकुर ने एक मतदान केंद्र के अंदर एक व्यक्ति को अपने प्रतिद्वंद्वी टीएमसी उम्मीदवार विश्वजीत दास के पहचान पत्र का उपयोग करते हुए पकड़ा। केंद्रीय बलों ने बाद में उस व्यक्ति को बूथ से हटा दिया। तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी कुछ इलाकों में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बल हुगली के कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को डराने-धमकाने में भाजपा कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं। **फिल्मी हस्तियों ने किया मतदान :** अभिनेता अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, आमिर खान और अक्षय कुमार समेत कई मशहूर फिल्मी हस्तियों ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत सोमवार को मुंबई में मतदान किया। महाराष्ट्र की 13 लोकसभा सीट के लिए मतदान सुबह सात बजे से जारी है। राज्य की इन 13 में से छह सीट मुंबई की हैं। अमिताभ (81) और उनकी पत्नी जया (76) ने मुंबई के जुहू इलाके में एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

### महिला प्लाटून कमांडर...

चयनित अभ्यर्थियों को 90 दिनों में नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही प्लाटून कमांडर की भर्ती में महिला अभ्यर्थियों को हटाकर उनकी जगह वंचित पुरुष अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट लेकर मैरिट के आधार पर नियुक्ति आदेश जारी करने कहा है। यह पूरी प्रक्रिया को 45 दिनों में पूरा करने के निर्देश भी कोर्ट ने दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने एसआई, प्लाटून कमांडर, सूबेदार भर्ती परीक्षा को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। मेरिट सूची में शामिल उम्मीदवारों ने भी हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की थी और हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। हाईकोर्ट ने सोमवार को मामले में फैसला सुनाते हुए यह भी कहा है कि प्लाटून कमांडर की भर्ती के लिए मेरिट सूची में महिलाओं को शामिल करना गलत है। लिहाजा महिला उम्मीदवारों का नाम हटाकर उनकी जगह पुरुष उम्मीदवारों को शामिल किया जाए।

**मैरिट सूची को दी गई थी चुनौती :** याचिका में मैरिट सूची को चुनौती देते हुए कहा गया कि 975 पदों में से 247 पद प्लाटून कमांडर के थे। मेरिट सूची में 20 गुना अभ्यर्थी यानी कि 14560 होने चाहिए। इसी तरह प्लाटून कमांडर के लिए 247 गुणा यानी 4940 अभ्यर्थी शामिल होने चाहिए। लेकिन वर्तमान भर्ती प्रक्रिया में 975 गुणा 20 के अनुसार अभ्यर्थियों के नाम मुख्य परीक्षा के लिए पात्र सूची में शामिल हैं, यह मनमाना व अवैध है। यह भी कहा गया कि सूची में 6013 महिला अभ्यर्थियों के नाम शामिल हैं। अगर सही प्रक्रिया का पालन होता तो 4368 महिलाओं के नाम ही शामिल होते। वहीं, प्लाटून कमांडर पद के लिए महिलाएं पात्र नहीं थीं लेकिन फिर भी उन्हें मैरिट लिस्ट में शामिल किया गया।

**दावा-आपत्ति निराकरण बगैर सूची जारी :** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापमं ने 26 मई 2023 से 29 मई 2023 तक मुख्य परीक्षा आयोजित की थी। 5 जून 2023 को पहला मॉडल आंसर जारी किया गया और 7 जून 2024 तक दावा-आपत्ति मंगाई गई। जिस पर याचिकाकर्ताओं ने आपत्ति प्रस्तुत की थी।

### याचिका में अनियमितता...

इसमें प्लाटून कमांडर और अन्य पद मिलाकर 370 महिला अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। इसके बाद मैरिट सूची से वंचित कैंडिडेट्स ने हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की। इसमें भर्ती में अनियमितता सहित नियमों का पालन नहीं करने के आरोप लगाए गए।

# 'संविधान बदलने का और आरक्षण समाप्त करने का इरादा नहीं'

**प्रधानमंत्री मोदी ने साक्षात्कार में कई मुद्दों पर की बात**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साक्षात्कार में समान नागरिक संहिता, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव'पर बात की। उन्होंने कहा, हम अपने घोषणापत्र के वादों को पूरा करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी जीवन यात्रा में अब तक हासिल मुकाम का श्रेय संविधान को दिया और कहा कि भले ही किसी को लगता हो कि वह स्वहित के लिए काम करते हैं, लेकिन संविधान के कल्याण में ही उनका खुद का कल्याण निहित है। मोदी ने साक्षात्कार में विपक्ष के इस दावे को खारिज कर दिया कि उनका इरादा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने पर संविधान बदलने का और आरक्षण समाप्त करने का है। मोदी ने कहा, ''अब, कांग्रेस परिवार की सबसे नई पीढ़ी अपने पूर्वजों की विरासत का उपयोग करना चाहती है तो उन्हें पता चलता है कि इतिहास में ऐसे कई काले धब्बे हैं। उन्हें लगता है कि इन काले दागों को मिटाने का सबसे अच्छा तरीका बाकी सभी पर अलोकतांत्रिक होने का आरोप लगाना है।

### संविधान निर्माता भी नहीं चाहते थे धर्म के आधार पर आरक्षण

मोदी ने कहा कि भाजपा ही है, जिसने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) पृष्ठभूमि से सबसे अधिक संख्या में मंत्री दिए हैं। मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर मोदी ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण के विषय को आरक्षण के व्यापक मुद्दे से जोड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि संविधान और उसके निर्माता भी धर्म के आधार पर आरक्षण कभी नहीं चाहते थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''कांग्रेस ने ही कई राज्यों में आरक्षण को कमजोर किया, धर्म के आधार पर आरक्षण दिया और संविधान का अपमान किया।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
( छ.ग. शासन का एक उपक्रम) ( छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)

क्रमांक/का.अ./ब.बा./ सामा./546 — बलौदा बाजार दिनांक 20 MAY 2024

**-:: बिजली बंद की सूचना ::-**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसून पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार सुबह 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 12 | 21.05.2024 मंगलवार | 11 केव्ही गितकेरा | सकरी प, बोरतरा, सैहा, बेल्हा, परसाडीह, गितकेरा एवं आसपास के क्षेत्र |
| | | 11 केव्ही ठेलकी- रोहांसी | ग्राम -धौराभाठा, गबौद, रामपुर, सीतापार, कोसमंदा, लरिया एवं आसपास |
| | | 11 केव्ही अर्जुनी फीडर | अर्जुनी फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता । |
| | | 11 केव्ही कोकडी | ग्राम- भाठागांव, मिशन परसाभदेर, कोकडी, रिसदा बाईपास । |
| 13 | 22.05.2024 बुधवार | 11 केव्ही मोहगांव - तेलासी | ग्राम – देवगांव, मोहगांव एवं आसपास के क्षेत्र । |
| | | 11 केव्ही दतान फीडर ग्राम- कानाकोट, | ग्राम - कानाकोट, सलौनी, कैलाशगढ़ मुड़ियाडीह धमनी,दतान (ख) एवं संबंधित क्षेत्र |
| | | 11 केव्ही रोहांसी फीडर | बलौदी, चोरहाडीह, छेरकाडीह, छड़िया एवं आसपास के क्षेत्र । |
| | | 11 केव्ही. डोंगरीडीह फीडर तुरमा टेपिंग | ग्राम - परसापाली, डोंगरीडीह, भालूकोना, सिंघारी, तुरमा, चितावर । |
| | | 11 केव्ही अटल ज्योति फीडर टोनाटार | अटल ज्योति फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता । |
| | | 11 केव्ही रिसदा-1 एवं 2 | ग्राम - रिसदा । |
| | | 11 केव्ही ढाबाडीह फीडर | ग्राम पौसरी, चांपा, ढाबाडीह, भरूवाडीह, टेलकी, कम्हरिया, चिचोली, खेलवारडीह, पुरान, ढंढनी के समस्त उपभोक्ता |
| 14 | 22.05.2024 गुरूवार | 11 केव्ही जी.ए.डी. | ग्राम - मगरचबा, चरौटी, परसाभदेर । |

टीप :- 1) आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
2 ) स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएं।
3 ) ''विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है

(व्ही. के. राठिया)
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा)
संभाग छ. स्टेट पॉ. डि.कं. लि. बलौदा बाजार


## पेज एक के शेष

### हरिभूमि की खबर का बड़ा असर...

विद्यालय औरदा सहित जिन केंद्रों की उत्तरपुस्तिकाओं में गड़बड़ी पाई जाएगी, उन पर भी गाज गिर सकती है। शिक्षा सचिव ने अधिकारियों को जल्द से जल्द पूरे मामले की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने कहा गया है। संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा रविवार को ही मेरिट लिस्ट निरस्त किए जाने संबंधित घोषणा की जा चुकी है।

### दीपांशु स्कूल में ताला प्राचार्य...

स्कूल में पेपर रखे जाते थे, नियमानुसार उन्हें थाने में रखा जाना था। छात्र संगठनों को इसकी खबर मिल गई थी बाकायदा शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तीन माह पहले फरवरी में जब संस्कृत मंडलम के दसवीं बोर्ड के प्रश्न पत्र सरकारी सुरक्षा में ना रखकर सीधे स्कूल संचालक की निगरानी में देने के मामले में एसडीएम से शिकायत की गई थी लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

### ईरान के राष्ट्रपति रईसी...

के कुछ घंटों बाद प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया है। सरकारी टीवी ने पूर्वी अजरबैजान प्रांत में हुए इस हादसे का कोई कारण अभी नहीं बताया है। रईसी हादसे के समय ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। उसने बताया कि इस हादसे में रईसी के साथ जिन लोगों के शव मिले हैं, उनमें ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन (60) भी शामिल हैं। सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' की खबर के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर एवं अन्य अधिकारी और अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे। तुर्किये के प्राधिकारियों ने सोमवार की सुबह ड्रोन से ली एक फुटेज जारी की जिसमें जंगल में आग लगी दिखायी दी। उन्होंने इसके हेलीकॉप्टर का मलबा होने का संदेह जताया। उन्होंने एक दुर्गम पहाड़ी पर अजरबैजान-ईरान सीमा से करीब 20 किलोमीटर दक्षिण में यह आग लगी होने की जानकारी दी। आईआरएनए द्वारा सोमवार को सुबह जारी फुटेज में दुर्घटनास्थल को एक हरित पर्वतीय क्षेत्र में एक दुर्गम घाटी बताया गया। स्थानीय अजेरी भाषा में सैनिकों को यह बोलते सुना गया, ''यह वही है, हमने इसे ढूंढ लिया है। ईरान द्वारा रईसी के निधन की पुष्टि किए जाने के बाद कि दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है, पड़ोसियों और सहयोगियों की ओर से शोक संदेश आने शुरू हो गए। पाकिस्तान ने रईसी के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

### एयरपोर्ट पर इस्लामिक स्टेट...

आतंकवादियों को पकड़ लिया। ये लोग श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से चेन्नई होते हुए अहमदाबाद पहुंचे थे। गुजरात के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय ने कहा कि ये लोग आईएस के आदेश पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत आए थे। सहाय ने कहा कि एटीएस की टीम ने आरोपियों के पास से जब्त किए गए मोबाइल फोन में मिली जानकारी और तस्वीरों के आधार पर शहर के नाना चिलोडा इलाके में एक स्थान पर लावारिस पड़ी पाकिस्तान निर्मित तीन पिस्तौल और 20 कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि उन्हें उनके पाकिस्तानी आकाओं ने हथियारों को इकट्ठा करने का निर्देश दिया था।

### आप को अमेरिका, कनाडा...

कनाडा, अमेरिका, मध्य पूर्व खाड़ी देश, न्यूजीलैंड के साथ ही ऑस्ट्रेलिया से फंडिंग की बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार आप को साल 2014 से 2022 के बीच करोड़ों रुपये का फंड मिला। रिपोर्ट में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी ने विदेशी दानदाताओं से प्राप्त 7 करोड़ रुपये के सोर्स की पहचान छिपाई। हालांकि, आम आदमी पार्टी की तरफ से गलत तरीके से फंडिंग लेने के आरोपों को खारिज किया गया है। **फंड लेने में कानून का उल्लंघन :** ईडी ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा कि आप ने कथित तौर पर विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन करके 7 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी धनराशि प्राप्त की। ईडी को यह जानकारी इस दौरान मिली। कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ड्रग्स से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पंजाब के पूर्व आप विधायक सुखपाल सिंह खैरा और अन्य शामिल हैं। ईडी ने 2021 में जांच शुरू की और खैरा को गिरफ्तार कर लिया, जो तब से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

### लड़की से गैंगरेप...

भीलवाड़ा में बहुचर्चित कोटड़ी भट्टी कांड को लेकर अदालत ने शनिवार को दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। इनमें कालू और कान्हा दोनों सगे भाई हैं। इस विशेष मामले में सात अन्य आरोपियों को कोर्ट ने निर्दोष मानते हुए बरी किया था। गैंगरेप के बाद भट्टी में जलाने की यह घटना पिछले वर्ष अगस्त माह में कोटडी थाना क्षेत्र में घटित हुई थी। एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और फिर उसे जिंदा ही भट्टी में फेंक दिया गया। मामला उजागर होने के बाद पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन हुए थे। यह वारदात 2 अगस्त 2023 को घटित हुई।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया भाजपा को हराने का दावा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए सोमवार को 49 सीटों पर मतदान हुआ। इस बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि लोग लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए खड़े हो गए हैं। देश में एक बड़े बदलाव की आंधी चल पड़ी है। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में कहा, आज पांचवें चरण का मतदान है। पहले चार चरणों में ही यह साफ हो गया है कि जनता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी हो गई है।


## राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनीरत्न कम्पनी)
एन एस सी NSC — 150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
CIN NO. U74899DL1963GOI003913, (An ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified Company)
क्षेत्रीय कार्यालय : मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, फोन : 0755-2580271,2580319
ई-मेल: mktgnscbhopal@gmail.com, rm.bhopal@indiaseeds.com
वेबसाईट www.indiaseeds.com

उत्पादन.5(3)A/रा.बी.नि./आर.ओ.-भो/2024-25 — दिनांक: 20/05/2024

**सूचना**

राष्ट्रीय बीज निगम, क्षेत्रीय कार्यालय–भोपाल के अंतर्गत प्रक्षेत्र कार्यालयों के FPO के माध्यम से उत्पादन कार्यक्रम किया जाना है। इच्छुक FPO पार्टियां भागीदारी करने हेतु दिनांक 15–06–2024 तक निम्नोक्त मोबाइल नं. पर संपर्क कर सकते है:–

1. प्रक्षेत्र कार्यालय, गोविन्दपुरा– 8121891246, 2. प्रक्षेत्र कार्यालय, इंदौर– 9993003714, 3. प्रक्षेत्र कार्यालय, निवाड़ी– 8349248480, 4. (क्षे.का.–भोपाल)– 8859186993 ।

क्षेत्रीय प्रबंधक



## छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, उरला

**// बिजली बंद की सूचना //**

(संचा./संधा.) संभाग छ.स्टे. पा.डि.कं. लिमि. उरला के अंतर्गत भनपुरी जोन समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आवश्यक रखरखाव एवं विस्तार कार्य हेतु 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गाजीनगर से निकलने वाले विद्युत प्रवाह दिनांक 21.05.2024, दिन मंगलवार को बंद रहेगा। आवश्यकता के अनुरूप समय में आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | उपकेन्द्र / फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र/ उपभोक्ता | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 सबस्टेशन गाजीनगर<br>1. 11 के.व्ही. उमिया मार्केट<br>2.11 के. व्ही. शहिद नगर<br>3.11 के.व्ही सुभाष चौक<br>4. 11 के.व्ही. बुधवारी बाजार<br>5. 11 के.व्ही. सरदार पटेल | उमिया मार्केट औ. क्षे., बिरगांव का संपूर्ण क्षेत्र जैसेः- शहीद नगर, शक्रवारी बाजार, बुधवारी, सुभाष चौक, आजाद चौक, गाजीनगर, जागृति नगर । | 21.05.2024 | सुबह 09.00 से दोप. 02.00 बजे |

''विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएँ।''
''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे''
''स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए''

असूविधा के लिए खेद है

S-40225 /2 — Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., उरला



### आम सूचना

(ग्राम देवादा तहसील बेरला जिला बेमेतरा प.ह.नं.- 29, रा.नि.मं. - आनंदगांव में स्थित कृषि भूमि के संबंध में खसरा नं.-797, 798/1, 798/2)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार पंकज कुमार अग्रवाल पिता बृजराज किशोर अग्रवाल निवासी एकता चौक के पास गुढ़ियारी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेतागण मंगलदास पिता स्व. श्री नेमू दास एवं बिसलाल पिता मंगल दास निवासी वार्ड नं.-13 ग्राम देवादा तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ०ग० के हक आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि वाके मौजा- देवादा, प.ह.नं.-29, रा.नि.मं. - आनंदगांव, तहसील बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं.- 797, 798 / 1, 798/2, रकबा क्रमशः-0.1300हे, 0.2200हे. 0.2200हे कुल खसरा संख्या-03 कुल रकबा 0.5700 हेक्टेयर अर्थात 1 एकड़ 42 डिस्मील कृषि भूमि को दिनांक- 04/09/2023 क्रय करने का पक्का सौदा कर विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया गया है, तथा क्रेता के द्वारा विक्रेतागण को बतौर ब्याना राशि 5,00,000/- रू. अक्षरी (पांच लाख रूपये) चेक के माध्यम से प्रदान किया जा चुका है विक्रेतागण के द्वारा ब्याना राशि प्राप्त कर लेने के बाद इकरारनामा में उल्लेखित रकम से अतिरिक्त राशि की मांग किए जाने एवं बैनामा पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न कराने के कारण बैनामा पंजीयन निष्पादन निश्चित समय सीमा में नही कराया जा सका है, एवं इस संबंध में क्रेता द्वारा विक्रेता को दो बार निश्चित समय सीमा से पूर्व ही अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा जा चुका है, जिसमे विक्रेता द्वारा विक्रय इकरारनामा की शर्तो के उल्लंघन के कारण मेरे पक्षकार द्वारा दिया गया ब्याना राशि 5,00,000/- रू. अक्षरी (पांच लाख रूपये) वापस करने के लिए नोटिस दिया गया है। किंतु आज दिनांक तक विक्रेता द्वारा न तो नोटिस का जवाब दिया गया है, और न ही मेरे पक्षकार की दी गई ब्याना राशि वापस की गई है, अतः विक्रय इकरारनामा की शर्तो के उल्लंघन एवं ब्याना राशि की वापसी हेतु उक्त भूमि के संबंध में स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत एवं सिविल कोर्ट बेमेतरा में वाद प्रस्तुत किया जा रहा हैं।

अतः सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, जब तक ब्याना राशि मेरे पक्षकार को विक्रेतागण से प्राप्त न हो जाए, तब तक उपरोक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति / संस्था उपरोक्त वर्णित भूमि / सम्पत्ति का क्रय-विक्रय ना करे। यदि सूचना प्रकाशन के बाद भी किसी भी व्यक्ति / संस्था के द्वारा क्रय विक्रय किया जाता है, [illegible] होंगे। [illegible]

सो सूचना जाने

के.के. चन्द्राकर, कु. अरुणा मिश्रा, अधिवक्तागण

मो.- 9753871812, 7974283898 [illegible]



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला

(अज्ञात शव कि पहचान)



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीब 60 वर्ष, रायडीह थाना अन्तर्गत ग्राम–लुदाम कोठाटोली स्थित धनई जंगल में पाया गया था। जिसके संबंध में रायडीह थाना यू0 डी0 काण्ड सं0– 11/24, दिनांक – 31.03.2024 दर्ज किया गया हैं।

जिसका हुलिया निम्न प्रकार हैं:– 1. उच्चाई–लगभग 05 फीट, 2. रंग–सांवला, 3.बाल–सफेद, 4. पहनवा–ब्लू रंग का जीन्स कपडा का सर्ट एवं ब्लू रंग का ट्रेकसुट, ब्लू चेकदार वाला डोरी वाला हाफ पैंट। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात मृतक पुरूष के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1.पुलिस अधीक्षक गुमला — 9431706376
2. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर — 8789253306
3. थाना प्रभारी, रायडीह — 7004358036

PR.NO.324983 Police(24-25):D — पुलिस अधीक्षक, गुमला।



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित, कवर्धा
(छ.रा. वि. मण्डल की उत्तरदायी कंपनी, छ.ग. शासन का एक उपक्रम)

क्रमांक-054/4600/ सामा. / मेंटेनेंस / 756 — कवर्धा, दिनांक 20/05/2024

**आवश्यक - सूचना**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड उप संभाग - स.लोहारा के अंतर्गत आने वाले समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 11 के.व्ही. फीडरों में प्री-मानसून मेंटेनेंस निम्नानुसार दर्शाये गये दिनांक को किया जाना प्रस्तावित है। दर्शाये गये क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय सुबह 10.00 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी।

| क्र. | दिनांक व दिन | 33/11 के.व्ही. फिडर का नाम | प्रभावित होने वाले क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 22.05.2024 बुधवार | 11 केव्ही बिसाटोला पम्प, नवघटा | बिसाटोला खार, ग. खम्हरिया, झाडूटोला, बरगांव, कोटरा बुन्देली, बांधाटोला, तिलईभाठ, राम्हेपुर सोनपुरी, जरहाटोला, भीमपुरी एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 2 | 23.05.2024 गुरूवार | 11 केव्ही कुरूवा पम्प, रेंगाखार | कुरूवा खार, खैरा, बांमी, अम्लीडीह, केजेदाह, भिंभौरी, खजरी, रेंगाखार, रेंगाखारकला, नयाबाड़ा एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 3 | 24.05.2024 शुक्रवार | 11 केव्ही कुरूवा पम्प, राजपुर | कुरूवा खार, खैरा, बांमी, अम्लीडीह, केजेदाह, भिंभौरी, खजरी, राजपुर, दरिगवा, दारगॉव, बिरनपुरखुर्द, खपरी, टाटीकसा, बेरला, बोल्दा, खमरहा एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 4 | 25.05.2024 शनिवार | 11 केव्ही कल्याणपुर, बड़ौदाकला | कल्याणपुर, भिंभौरी, लाखाटोला, बड़ौदाकला, बितली, गांगपुर, सोनपुर, सिंगारपुर जगंल, भठैलाटोला एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 5 | 27.05.2024 सोमवार | 11 केव्ही मोहगॉव, समनापुर, मजगांव | मोहगाव, सिंघनगढ़ भंडारपुर बीजाबैरागी, डोमाटोला, अडवार, अगरी, बम्हनी, समनापुर, बरबसपुर, मजगांव, चंदैनी दैहानडीह, बड़ौदाखुर्द, पड़कीपारा एवं फिडर से संबंधित समस्त |
| 6 | 28.05.2024 मंगलवार | 11 केव्ही कुरुवा, नवागांव | कुरुवा, कोयलारी, खैरा, बामी, केजेदाह, नवागाँव, गुलालपुर एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 7 | 29.05.2024 बुधवार | 11 केव्ही सुकतरा मोहगाव, खड़ौदा | ठोठमानवापारा, सुकतरा, सिंगारपुर, खडौदा, उडियाखुर्द, कौहारी, तुमड़ीलेवा एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 8 | 30.05.2024 गुरुवार | 11 केव्ही चिलमखोदरा, खारा | चिलमखोदरा, नेवासपुर, गांगीबाहरा रम्पुरा, कुम्हारदनिया, धनेलीडीह, बांधाटोला, भेलवाटोला, आमाखोदरा, लोहारीडीह, उसरवाही, खारा एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 9 | 31.05.2024 शुक्रवार | 11 केव्ही इरीमकसा, सिल्हाटी पम्प | इरीमकसा, सारी, बिड़ोरा खार, लाखाटोला खार, सिल्हाटी खार, भिभौरी खार, एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 10 | 03.06.2024 सोमवार | 11 केव्ही चंदेनी | कारेसरा, बुधवारा, उड़ियाकला, सलिहा, चंदैनी, बचेड़ी, सलिहा एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 11 | 04.06.2024 मंगलवार | 11 केव्ही बिरनपुर | बिरनपुरकला, तालपुर, बनिया, दनियाखुर्द एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 12 | 05.06.2024 बुधवार | 11 केव्ही बिसाटोला, उड़िया | बसाटोला, झाडुटोला ग. खम्हरिया, छोटूपारा, महराटोला, कुटकीपारा, छीरबांधा रेलई, सहसपुर, कुरलू, सिंघरापारा, बांधाटोला, तालपुर, इरीमकसा एवं फिडर से संबंधित समस्त |
| 13 | 06.06.2024 गुरूवार | 11 केव्ही सिंघनपुरी, रेंगाटोला | सिंघनपुरी, पवनतरा, सुरजपुरा, भादूटोला, रेंगाटोला, पटपर, रंणजीतपुर, दरिगंवा एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 14 | 07.06.2024 शुक्रवार | 11 केव्ही बिडोरा | बिडोरा, धनगॉव, नरोधी, रक्से, बबई भगवताटोला, भैंसबोड एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 15 | 08.06.2024 शनिवार | 11 केव्ही बिडोरा, स. लोहारा | मोतिमपुर, नवागाँव, बोटेसुर, सरोधी, स. लोहारा टाऊन एवं फिडर से संबंधित वार्ड / पारा / मोहल्ला |
| 16 | 10.06.2024 सोमवार | 11 केव्ही मोतिमपुर | सिल्हाटी, बाम्हनटोला, बिचारपुर, लखनपुर एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 17 | 11.06.2024 मंगलवार | 11 केव्ही बिसाटोला | बिसाटोला, झाड़ुटोला ग. खम्हरिया एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 18 | 12.06.2024 बुधवार | 11 केव्ही धनगॉव | धनगाँव, दलसाटोला, आमगांव, जामगांव, बाजगुड़, खैरबना, देहानडीह, जराहटोला, नवघटा, सबराटोला एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 19 | 14.06.2024 शुक्रवार | 11 केव्ही बानो | बासिनझोरी,तेलीटोला, बानो, बेल्हरी कटंगीकला, मिनमिनीया, गउझडबरी, जुनवानी, पिपरटोला एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 20 | 15.06.2024 शनिवार | 11 केव्ही सिल्हाटी | खोलवा, कटोरी, टाटावाही, कुम्हारी एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 21 | 17.06.2024 सोमवार | 11 केव्ही नवघटा पम्प | नवघटा, सबराटोला, धनगांव, आमगांव, जामगांव एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 22 | 18.06.2024 मंगलवार | 11 केव्ही रणजीतपुर पम्प | सबराटोला, नवघटा, रेंगाटोला, बीरेन्द्र नगर गन्ना बाड़ी, टाटीकसा, दरिगवा, दारगांव राजपुर, पटपर, रणजीतपुर एवं फिडर से संबंधित समस्त ग्राम |

*आवश्कतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है।*

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., कवर्धा


## राशिफल



**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।


**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।


**सिंह** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।


**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।


**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।


**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खचें बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।


**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।


**मीन** — रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5517

**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

### शब्द पहेली- 5516 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |

## सुडोकू नवताल - 5528

★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सुडोकू नवताल - 5527 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

MANJUL SEMACHA, BANGALORE

## खबर संक्षेप

### एमएफ ने 1.3 लाख करोड़ किया शेयरों में निवेश




**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड उद्योग (एमएफ) ने इस साल भारतीय शेयरों में मजबूत भरोसा दिखाया और लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया। यह वृद्धि मुख्य रूप से खुदरा निवेशकों के बढ़े हुए भरोसे और शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन के चलते हुई। म्यूचुअल फंड भारतीय बाजार की अंतर्निहित वृद्धि क्षमता को प्राथमिकता देते हैं।

### जेके एग्री जेनेटिक्स का शुद्ध घाटा बढ़ा




**नई दिल्ली।** जेके एग्री जेनेटिक्स को बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 8.73 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। खर्च बढ़ने की वजह से कंपनी का घाटा भी बढ़ गया है। शुद्ध घाटा इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 6.50 करोड़ रुपये रहा था। मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय एक साल पहले के 23.93 करोड़ रुपये से बढ़कर 40.35 करोड़ रुपये हो गई।

### जीडीपी वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान




**नई दिल्ली।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9-7 प्रतिशत रह सकती है। सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

### सेल का मुनाफा दो फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ दो प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 1,126.68 करोड़ रुपये रहा है। सेल ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि कच्चे माल की कीमतों में तेजी के चलते उसका मुनाफा प्रभावित हुआ। इससे एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 1,159.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व घटकर 27,958.52 करोड़ रुपये रह गया, जो इससे एक साल पहले 29,130.66 करोड़ रुपये था।

# दालों की आपूर्ति मांग के बराबर नहीं हो रही, अक्टूबर तक बनी रहेगी महंगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आम लोगों को खाने-पीने की चीजों के मामले में अभी कुछ और समय तक महंगाई का सामना करना पड़ सकता है। खासकर दालों के मामलों में कीमतों में जल्दी नरमी आने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि दालों की आपूर्ति उनकी मांग के हिसाब से नहीं हो पा रही है।

- कीमतों में जल्द नरमी आने के कोई संकेत नहीं

विशेषज्ञों के हवाले से यह आशंका जाहिर की गई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि देश में दालों की कीमतें तब तक ज्यादा बनी रह सकती हैं, जब तक कि बाजार में नई फसल की आपूर्ति न शुरू हो जाए। नई फसलों की आवक अक्टूबर महीने में जाकर शुरू होगी। इसका मतलब हुआ कि अक्टूबर महीने से पहले दालों की कीमतों में नरमी की कोई गुंजाइश नहीं है।

### नई फसल की आपूर्ति आने तक बनी रहेगी तेजी

#### पिछले महीने दालों की महंगाई

अभी बाजार में तुअर यानी अरहर, चना, उड़द आदि दालों में ज्यादा महंगाई दिख रही है। अप्रैल महीने में दालों की महंगाई 16.8 फीसदी रही थी। सबसे ज्यादा 31.4 फीसदी महंगाई अरहर दाल में थी। इसी तरह चना दाल में 14.6 फीसदी और उड़द दाल में 14.3 फीसदी की दर से महंगाई थी। फूड बास्केट में दालों का योगदान 6 फीसदी के आस-पास रहता है।



#### इस कारण दालों में ज्यादा महंगाई

बकौल बाजार विशेषज्ञ, देश में अभी दालों की जितनी डिमांड है, उतनी सप्लाई नहीं हो पा रही है। मांग और आपूर्ति के असंतुलन के चलते दालों की कीमतें टाइट चल रही हैं। दालों की महंगाई के उच्च स्तर पर बने रहने से ओवरऑल खाद्य महंगाई पर भी असर हो रहा है।

### उत्पादन में भारत है नंबर वन

अभी सरकार की ओर से दालों की कीमतों को काबू में रखने के काफी प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिल पा रही है। भारत दालों का सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन खपत उत्पादन से भी ज्यादा है।

ऐसे में भारत को दालों का आयात करना पड़ जाता है। 2022-23 के फसल वर्ष में देश में दालों का अनुमानित उत्पादन 26.05 मिलियन टन था, जबकि खपत का अनुमान 28 मिलियन टन था।

## जीएसटी अधिकारी कराधान मुद्दे से निपटने बना रहे व्यवस्था

# ई-कॉमर्स कंपनियों के साझा गोदामों के पंजीकरण व्यवस्था के लिए काम जारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*जीएसटी अधिकारी ई-कॉमर्स कंपनियों के साझा गोदामों से संबंधित कराधान और पंजीकरण मुद्दों से निपटने के लिए एक व्यवस्था बनाने पर काम कर रहे हैं। इन गोदामों में कई आपूर्तिकर्ता ग्राहकों तक सामान की आपूर्ति के लिए अपना माल जमा करते हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।*

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत कई आपूर्तिकर्ताओं के एक ही गोदाम को अपने 'कारोबार के अतिरिक्त स्थान' के रूप में बताये जाने के बाद ऐसे गोदामों के लिए कराधान का मुद्दा सामने आया है।

अधिकारी ने कहा, हम इसपर काम कर रहे हैं कि क्या ई-कॉमर्स कंपनियों की तरफ से कई आपूर्तिकर्ताओं के माल को रखने के लिए बनाये गये गोदामों के लिए 'साझा कार्यस्थल' या 'सह-कार्य स्थान' धारणा को लागू किया जा सकता है या नहीं।



#### माल रखने साझा गोदाम रख सकते हैं

जीएसटी कानून के तहत ई-कॉमर्स मंच को सामान की आपूर्ति करने वाले अपना माल एक साझा गोदाम में रख सकते हैं। हालांकि, आपूर्तिकर्ताओं को अपने जीएसटी पंजीकरण में गोदाम को कारोबार के अतिरिक्त स्थान के रूप में दिखाना आवश्यक है।

- कंपनियां ग्राहकों तक सामान पहुंचाने अपना माल जमा करते हैं
- आपूर्तिकर्ताओं को गोदाम को कारोबार के अतिरिक्त स्थान के रूप में दिखाना आवश्यक

#### साझा गोदाम बनाए रखने की आवश्यकता आई सामने

जीएसटी परिषद के तहत विधि समिति में केंद्रीय और राज्य कर अधिकारी शामिल हैं। ऑडिट और परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि ई-कॉमर्स के विकास के साथ कई कंपनियों को विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं के लिए साझा गोदाम बनाए रखने की आवश्यकता सामने आई है। ऐसे गोदाम हजारों आपूर्तिकर्ताओं को सेवाएं दे रहे हैं।

#### जियो-टैगिंग लागू की

जीएसटी अधिकारियों ने हाल ही में 'जियो-टैगिंग' लागू की है। इसके तहत करदाताओं को सभी पंजीकृत परिसरों के लिए 'जियो-टैग' प्रदान करने की जरूरत होगी। इससे कर अधिकारियों को पंजीकृत करदाताओं के सटीक स्थानों के बारे में जानकारी मिलती है।

#### एक ही पता जांच का कारण

मोहन ने कहा, 'एक ही पता दिखाने वाले कई करदाताओं के मामले में इन गोदामों के भीतर काम करने वाले करदाताओं और उन्हें प्रबंधित करने वाली कंपनियों दोनों के लिए जांच का कारण बन सकता है। यह एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उद्योग स्तर पर इसके समाधान की जरूरत है।'

#### एक ही गोदाम में कराते हैं पंजीकरण

जब कई करदाता एक ही गोदाम में पंजीकरण कराते हैं, तो 'जियो-टैग' सभी के लिए एक ही पते को बताता है। यह कर अधिकारी को एक संकेत देता है कि कई करदाता एक ही स्थान पर स्थित हैं और यह एक संभावित धोखाधड़ी वाला पंजीकरण हो सकता है।

#### गोदाम में कई आपूर्तिकर्ता अपना माल रखते हैं

दूसरा मुद्दा यह है कि जिस गोदाम में कई आपूर्तिकर्ता अपना माल रखते हैं, उसे किसी एक आपूर्तिकर्ता की चूक के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। इसके अलावा, एक जोखिम यह भी है कि कर अधिकारी ऐसी गड़बड़ी के लिए खुद ई-कॉमर्स परिचालकों को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं, जिससे उनके कारोबार पर असर पड़ सकता है।

# जेनरेटिव एआई से जोखिम बढ़ने की भी आशंका: रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जेनरेटिव कृत्रिम मेधा (जेनएआई) संभावनाओं के साथ जोखिम की आशंका भी लेकर आता है और दुनियाभर के साइबर सुरक्षा दिग्गजों का एक बड़ा हिस्सा इसके नकारात्मक प्रभाव को लेकर सजग है। एक वैश्विक सर्वेक्षण में यह बात कही गई है। पहचान सुरक्षा मंच साइबरआर्क की तरफ से कराए गए सर्वेक्षण में 93 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें एआई से नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है जिसमें एआई-संचालित मालवेयर और जालसाजी का खतरा सबसे आगे है। साइबरआर्क की 'पहचान सुरक्षा खतरा परिदृश्य रिपोर्ट-2024' 18 देशों में 2,400 साइबर सुरक्षा जानकारों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें पाया गया कि जेनएआई के साथ मशीन की पहचान बढ़ने और तीसरे एवं चौथे पक्ष के जोखिम बढ़ने से 'साइबर ऋण' का निर्माण जारी है। 'साइबर ऋण' का आशय कंप्यूटर, सर्वर और एप्लिकेशन जैसे प्रौद्योगिकी उपकरणों को सही स्थिति में बनाए न रखने पर आने वाली लागत से है।




- दुनियाभर के साइबर सुरक्षा दिग्गज नकारात्मक प्रभाव को लेकर सजग
- 99 प्रतिशत संगठन साइबर सुरक्षा पहल में एआई की मदद लेते हैं

#### जालसाज अपनी क्षमताएँ बढ़ा रहे

पहचान-संबंधी हमलों की मात्रा और इसके परिष्कृत उपयोग में वृद्धि की भी आशंका है। कुशल और अकुशल दोनों तरह के हमलावर एआई-संचालित मालवेयर और जालसाजी की अपनी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं। कुल 93 प्रतिशत उत्तरदाताओं को आशंका है कि वित्त वर्ष 2024-25 में उनके संगठनों के लिए एआई-संचालित टूल साइबर जोखिम पैदा कर सकते हैं।

#### डीपफेक वीडियो के चलन पर जताई चिंता

रिपोर्ट में चुनावों के समय एआई की मदद से गलत सूचना पर आधारित डीपफेक वीडियो के बढ़ते चलन पर भी चिंता जताई गई है। इस साल दुनियाभर में 60 से अधिक देशों में चार अरब से अधिक मतदाता अपने नेताओं का चुनाव करने वाले हैं। ऐसे में डीपफेक वीडियो चुनाव परिणाम प्रभावित करने की मंशा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए पसंदीदा हथियार बन जाते हैं।

# एक्सिस बैंक ने लांच किया 'अराइज कमऐजयूआर प्रोग्राम'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

एक्सिस बैंक ने अपने 'दिल से ओपन' विचार के अनुरूप, कशिश मुंबई इंटरनेशनल क्वीयर फिल्म फेस्टिवल में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय के लिए प्रतिभा अधिग्रहण कार्यक्रम, 'अराइज़ कमऐज़यूआर प्रोग्राम' के लांच की घोषणा की। 'अराइज़ कमऐज़यूआर' एक ओपन कैंपस कार्यक्रम है, जो कौशल-आधारित नियुक्ति पर केंद्रित है और विशिष्ट डिग्री या कॉलेज जैसे पारंपरिक कारकों के मुकाबले व्यक्ति के कौशल और क्षमता को प्राथमिकता देता है। नौकरी का बाज़ार विकसित हो रहा है और ऐसे में उम्मीदवारों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, उचित कौशल वाली प्रतिभा की तलाश करना महत्वपूर्ण होता जा रहा है। यह भर्ती कार्यक्रम भारत के किसी भी कॉलेज से प्रतिभाशाली एलजीबीटीक्यूआईए प्लस व्यक्तियों का एक्सिस बैंक के साथ बैंकिंग में आवेदन करने और करियर बनाने के लिए स्वागत करने के लिए तैयार किया गया है।

### नायरा एनर्जी की पेट्रोल बिक्री 48 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी ने 2024 के कैलेंडर साल की पहली तिमाही में पेट्रोल की बिक्री में 48 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। वहीं इस दौरान कंपनी के निर्यात में गिरावट आई है। तिमाही के दौरान कंपनी ने विशेष रूप से ईंधन की स्थानीय मांग को पूरा करने का प्रयास किया है। गुजरात की वाडिनार तेल रिफाइनरी में उत्पादित सभी पेट्रोलियम उत्पादों का 70 प्रतिशत स्थानीय बाजार में बेचा। नायरा एनर्जी ने मुख्य रूप से देश में बढ़ती पेट्रोलियम उत्पादों की मांग को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। अपने संदेश से प्रेरित होकर उसने सालाना आधार पर घरेलू खुदरा बिक्री में 24 प्रतिशत और संस्थागत बिक्री में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

# नए इलेक्ट्रिक दोपहिया मॉडल लाने की तैयारी में हीरो मोटो

- बड़े ग्राहक वर्ग तक अपनी पहुंच बनाने की तैयारी
- विडा श्रृंखला के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया मॉडल की बिक्री करती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प बड़े ग्राहक वर्ग तक अपनी पहुंच बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खंड में नए मॉडल उतारने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है।



हीरो मोटोकॉर्प फिलहाल अपनी 'विडा' श्रृंखला के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया मॉडल की बिक्री करती है। इनकी कीमत एक लाख रुपये से 1.5 लाख रुपये के बीच है। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कारोबार अधिकारी (उभरता परिवहन क्षेत्र) स्वदेश श्रीवास्तव ने विश्लेषकों के साथ चर्चा में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार किया जा रहा है। इस दौरान मझोले एवं व्यापक बाजार खंड में उत्पाद उतारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में नए उत्पाद उतारे जाने के बाद इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन के प्रीमियम, मध्यम एवं व्यापक बाजार के तीनों ही खंडों में कंपनी सक्रिय हो जाएगी।

### मुंबई में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रहा बाजार बंद

**मुंबई।** मुंबई में आम चुनाव के मद्देनजर बीएसई और एनएसई शेयर बाजार, मुद्रा और जिंस बाजार सोमवार को बंद रहे। चुनाव के मध्यनजर लोगों को वोट डालने के लिए नियामकों ने बाजार बंद रखने का निर्णय लिया। बाजार में मंगलवार से फिर कारोबार शुरू होगा।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
HMS देखकर खरीदें
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

# नहीं बिकेगी हल्दीराम, ऑफर्स से खुश नहीं हैं प्रमोटर्स

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की प्रसिद्ध नमकीन एवं स्नैक्स बनाने वाली कंपनी हल्दीराम अब नहीं बिकेगी। कंपनी के प्रमोटर्स उसे विभिन्न कंपनियों से मिले ऑफर्स के खुश नहीं हैं। इसलिए वह इसे बेचने का फैसला टाल सकते हैं। हल्दीराम को खरीदने के 69,138 करोड़ रुपए (8.3 अरब डॉलर) का वैल्यूएशन लगाया गया था। प्रमोटर फैमिली को यह धनराशि पसंद नहीं आई है। इसके चलते वह इन ऑफर्स को नकार सकते हैं।

निजी इक्विटी फर्मों ने हल्दीराम स्नैक्स फूड्स को खरीदने के लिए नॉन बाइंडिंग ऑफर दिए थे।एक रिपोर्ट के अनुसार, हल्दीराम के वरिष्ठ अधिकारियों ने दावा किया है कि प्रमोटर्स ने निजी इक्विटी कंपनियों से कह दिया है कि वे इस वैल्यूएशन पर कंपनी नहीं बेच रहे हैं। हल्दीराम से जुड़े एक सूत्र ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि प्रमोटर्स द्वारा कंपनी बेचने की खबरें सच नहीं हैं।




- हल्दीराम को खरीदने 70 हजार करोड़ रुपए का वैल्यूवेशन किया गया था

*ब्लैकस्टोन ने कंसोर्टियम बनाकर दिया था ऑफर : हाल ही में आई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ब्लैकस्टोन, बेन कैपिटल और सिंगापुर की टेमासेक ने हल्दीराम स्नैक्स को खरीदने के लिए ऑफर दिए थे। रॉयटर्स के मुताबिक, पिछले साल सितंबर में टाटा कंज्यूमर ने भी हल्दीराम में 51 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए बात की थी।*

#### हल्दीराम के दो मालिक हो रहे एक

हल्दीराम के मालिक अग्रवाल फैमिली के दो धड़ों नई दिल्ली और नागपुर ने कारोबार का विलय करने का निर्णय किया था। परिवार का तीसरा धड़ा कोलकाता में है। वह नई डील में शामिल नहीं है। हल्दीराम स्नैक्स और हल्दीराम फूड इंटरनेशनल के एफएमसीजी कारोबार को मिलाकर हल्दीराम स्नैक्स फूड्स नाम की नई कंपनी बना दी गई है। नई इकाई में हल्दीराम स्नैक्स के मौजूदा शेयरधारकों को 56 फीसदी हिस्सेदारी और हल्दीराम फूड इंटरनेशनल के पास 44 फीसदी हिस्सेदारी लेनी थी। सौदा पूरा होने के बाद हल्दीराम स्नैक्स फूड्स ही हल्दीराम समूह का समूचा एफएमसीजी कारोबार चलाएगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

## आईपीएल

| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
|  |  |
| विराट कोहली | हर्षल पटेल |
| 708 रन | 22 विकेट |
| बेंगलोर | पंजाब |

## बाउंड्री मीटर

2070 चौके

1208 छक्के

## खबर संक्षेप



### इंडियन ओपन सर्फिंग 31 से 2 जून तक

**मेंगलुरु।** इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) का पांचवां सत्र 31 मई से दो जून तक यहां खेला जाएगा। इसमें चार वर्गों पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर 16) बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले होंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'इंडियन ओपन सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय चैंपियनशिप सीरिज का दूसरा चरण होगा। इससे पहले केरल में मार्च में अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग फेस्टिवल हुआ है।'

### निजी बातचीत का प्रसारण नहीं किया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने सोमवार को रोहित शर्मा से जुड़ी किसी निजी बातचीत के ऑडियो का प्रसारण करने से इनकार किया। भारतीय कप्तान ने चैनल पर रिकॉर्डिंग रोकने के आग्रह के बावजूद उनकी निजता के 'उल्लंघन' का आरोप लगाया है। रोहित शर्मा को एक आईपीएल मैच के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के अभिषेक नायर से बातचीत करने के दौरान उनकी रिकॉर्डिंग करते हुए प्रसारक को ऑडियो बंद करने के लिए कहते हुए देखा जा सकता है।

# मैनचेस्टर सिटी रिकॉर्ड लगातार चौथी बार बनी इंग्लिश प्रीमियर लीग चैंपियन

एजेंसी ▶▶| मेनचेस्टर

136 साल में पहली बार किसी इंग्लिश फुटबॉल क्लब ने लगातार चार बार लीग ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। कोच पेप गार्डियोला की अगुआई में टीम ने रविवार को घरेलू मैदान एतिहाद स्टेडियम में खेले गए इंग्लिश प्रीमियर लीग के अंतिम मैच में वेस्ट हैम को 3-1 से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी आर्सेनल से दो अंकों की बढ़त बनाकर लगातार चौथे साल यह ट्रॉफी जीत ली। पेप की अगुआई में यह टीम की छठी लीग ट्रॉफी है। प्रीमियर लीग में यह टीम की आठवीं और इंग्लिश फुटबाल लीग इतिहास में 10वीं ट्रॉफी है।



### युवा स्ट्राइकर फिल फोडेन ने दागे दो गोल

वेस्ट हैम के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में पहले ही हाफ में मैनचेस्टर सिटी के युवा स्ट्राइकर फिल फोडेन ने दो गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि, हाफ टाइम से पहले वेस्ट हैम के मोहम्मद कुदुस ने शानदार बाइसिकल किक लगाकर बढ़त को कम कर दिया। रोड्री ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही निर्णायक गोल दागकर बढ़त को दोगुनी कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

### दो अंक से पिछड़ा आर्सेनल

इतिहास के सबसे रोमांचक प्रीमियर लीग में दूसरी ओर आर्सेनल ने भी रविवार को अपने घरेलू मैदान एमिरेट्स स्टेडियम में एवर्टन के विरुद्ध 2-1 से जीत प्राप्त कर ली, परंतु दो अंकों से पिछड़ने के कारण वह ट्रॉफी के सबसे निकट होकर भी दूर ही रह गए।

## कमाल के पेप, बतौर कोच जीती 33वीं टॉफी

कोच पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी के साथ आठ सालों में छठी ट्रॉफी जीतकर कई इतिहास रच दिए। यह कोच के रूप में उनकी 33वीं ट्रॉफी है। 2008-09 सत्र से कोच के रूप में उन्होंने अपने करियर में 12 लीग खिताब, 10 घरेलू कप, चार यूएफा सुपर कप, चार फीफा क्लब विश्व कप और तीन चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीती है। इन सालों में कोई भी कोच उनकी उपलब्धि के आसपास भी नहीं है। उनके बाद दूसरे सबसे सफल कोच वर्तमान में रियल मैड्रिड के कोच कोर्लो एंसिलोटी हैं, जिन्होंने कुल 14 ट्राफी जीती हैं।





### 136 साल पहले शुरू हुई ईपीएल

1992-93 में शुरू हुई थी प्रीमियर लीग इंग्लिश फुटबॉल लीग का इतिहास भले 136 वर्ष पुराना हो, परंतु वर्तमान की इंग्लिश प्रीमियर लीग की शुरुआत 1992-93 में हुई थी। इससे पहले 100 वर्षों तक इसे इंग्लिश फुटबॉल लीग फर्स्ट डिविजन के नाम से जाना जाता था। वहीं, शुरुआत 1888 में हुई थी तब इसका नाम इंग्लिश फुटबॉल लीग था।

## आईपीएल : मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे से

# क्वालीफायर : आज लगेगा रनों का अंबार कोलकाता और हैदराबाद में होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को 'रन मशीन' सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी। केकेआर इस साल आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया।

लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है। वैसे प्लेआफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है। सैकड़ों किलोमीटर का सफर करके यहां पहुंचने वाली केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिए अधिक समय नहीं मिलेगा। दोनों ने आखिरी लीग मैच रविवार को ही खेला है। सनराइजर्स ने हालांकि पूरा मैच खेलकर पंजाब को हराया लेकिन केकेआर और राजस्थान रॉयल्स का मैच बारिश के कारण नहीं हो सका। केकेआर ने आखिरी पूरा मैच 11 मई को खेला था।



### केकेआर को खलेगी साल्ट की कमी

बारिश के खलल से पहले केकेआर ने लगातार चार मैच जीते थे पिछले दो मैच बारिश की भेंट हो गए। शीर्ष पर काबिज केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (435 रन) की कमी खलेगी जो टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ने स्वदेश लौट गए हैं। साल्ट और सुनील नारायण (461) ने केकेआर को शानदार शुरुआत दी है। मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर (287 रन) प्रभावित नहीं कर सके लेकिन इसकी कमी टीम को खली नहीं। केकेआर के लिए नीतिश राणा और आंद्रे रसेल का फॉर्म में रहना भी बहुत जरूरी है।

### हेड-अभिषेक कर रहे आक्रामक बल्लेबाजी

कागजों पर केकेआर और सनराइजर्स बराबरी की टीमें लगती है जिससे यह मुकाबला और रोमांचक हो गया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा दोनों ने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाकर रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है। आस्ट्रेलिया के हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढ़ी है और अब तक एक शतक तथा चार अर्धशतक समेत 533 रन बना चुके हैं। उनके साथ अभिषेक (467 रन) ने भी खुलकर खेलते हुए आईपीएल में अभी तक 41 छक्के जड़ डाले हैं। सनराइजर्स के पास तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी जैसा भरोसेमंद बल्लेबाज है। हेनरिच क्लासेन फॉर्म में लौट आए हैं और पंजाब के खिलाफ 42 रन बनाए।

### संभावित टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजांफर ।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन , एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स , राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह, मयंक अग्रवाल।

# वर्ल्ड पैरा चैंपियनशिप में दीप्ति ने जीता स्वर्ण

**400 मीटर टी20 रेस**
55.07 सेकंड में पूरी की रेस
क्लार्क का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा




एजेंसी ▶▶| कोबे

भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी।

टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए है। योगेश कथुनिया ने पुरुषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिए हैं।

## भारतीय मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने एशियाई रिले में जीता स्वर्ण

**बैंकॉक।** भारत की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को यहां पहली एशियाई रिले चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम हालांकि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही। मुहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी, अमोज जैकब और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 14.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन मिनट 14.34 सेकेंड का था जो भारतीय टीम ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के दौरान बनाया था। सोमवार का यह समय भारतीय टीम को विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में 21वें स्थान पर जगह दिलाता है। टीम का लक्ष्य 15वें या 16वें स्थान तक आना था। इस तरह भारतीय टीम की पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह मुश्किल हो गई है।

## टी20 विश्व कप

# मेजबान के खिताब नहीं जीत पाने का कलंक धोने उतरेगा वेस्टइंडीज



एजेंसी ▶▶| एंटीगा

टी20 विश्व कप के इतिहास में कोई मेजबान आज तक खिताब नहीं जीत सका है लेकिन दो बार कप्तान के तौर पर वेस्टइंडीज को टी20 चैंपियन बनाने वाले डेरेन सैमी इस बार मुख्य कोच के तौर पर इस सिलसिले को तोड़ना चाहेंगे।

पिछले आठ सत्रों में कोई मेजबान टी20 विश्व कप नहीं जीत सका है। सैमी को इस बार वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में यह मिथक तोड़ने की उम्मीद है। श्रीलंका 2012 में कोलंबो में फाइनल में वेस्टइंडीज से हार गया था। जीत के लिये 138 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम 101 रन पर आउट हो गई थी। चार साल बाद वेस्टइंडीज ने ईडन गार्डंस पर इंग्लैंड को हराकर दूसरी बार खिताब जीता। उस समय बेन स्टोक्स के आखिरी ओवर में कार्लोस ब्रेथवेट ने चार लगातार छक्के लगाए थे।

### सैमी टीम के मुख्य कोच

सैमी को पिछले साल वेस्टइंडीज का सीमित ओवरों का मुख्य कोच बनाया गया। उनके साथ खेल चुके जॉनसन चार्ल्स और आंद्रे रसेल ही इस टीम में हैं। सैमी ने कैरेबियाई मीडिया से कहा, 'हमें पता है कि विजयी टीम कैसे चुनी जाती है। हम पहले भी यह कर चुके हैं और इस बार भी टूर्नामेंट को लेकर काफी रोमांचित है। हमने तैयारी आस्ट्रेलिया में पिछले विश्व कप से ही शुरू कर दी थी।'

### वेस्टइंडीज का पहला मैच 9 जून को

वेस्टइंडीज को पापुआ न्यू गिनीया और युगांडा के खिलाफ ग्रुप सी के पहले दो मैच दो और नौ जून को खेलने हैं। इसके बाद न्यूजीलैंड से 13 जून को और अफगानिस्तान से 18 जून को मैच होगा। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर आठ में पहुंचेंगी।

### 2021 में ग्रुप चरण से ही बाहर

वेस्टइंडीज की टीम यूएई में हुए 2021 टी20 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। वहीं आस्ट्रेलिया में 2022 में हुए टूर्नामेंट में भी निकोलस पूरन की कप्तानी वाली टीम मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। पूरन पर इस बार कप्तानी का दबाव नहीं है और वह मध्यक्रम में ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं। उन्होंने आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए 499 रन बनाए। मेजबान को सुनील नारायण की कमी खलेगी जिन्होंने आईपीएल में इस सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। सैमी उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने के लिए मना नहीं सके।



### खेल हो या शिक्षा अनुशासन जरूरी है

**पटना।** खिलाड़ी और कोच के रूप में बेहद अनुशासित पुलेला गोपीचंद ने यहां प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रेरित करते हुए अनुशासन का महत्व बताया। पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता 50 साल के गोपीचंद इंजीरियंग और मेडिसिन पाठ्यक्रम की प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से मुखातिब थे। भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच गोपीचंद ने यहां 'एलेन करियर इंस्टीट्यूट' में छात्रों से कहा, 'खेल हों या शिक्षा दोनों समान हैं। दोनों में अनुशासन और प्रतिबद्धता जरूरी है। समय के साथ इसमें मेंटर की जरूरत भी जुड़ गई है।'

# मलेशिया मास्टर्स में खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी सिंधू



एजेंसी ▶▶| कुआलालम्पुर

ब्रेक से लौटी पी वी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले यहां मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज करके अपना मनोबल ऊंचा करने के इरादे से उतरेगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया। अब वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन करने का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है। पहले दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से होगा। अष्मिता चालिहा, आकृषि कश्यप और मालविका बंसोड़ भी अच्छे नतीजे देना चाहेंगी। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज अकेले भारतीय हैं जो जापान के ताकुमा ओबायाशी से पहला मैच खेलेंगे। थाईलैंड ओपन चैंपियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं।

**पेरिस ओलंपिक : शीर्ष दस में होने के कारण जोड़ीदार चुनने की छूट**

# बालाजी या युकी के साथ जोड़ी बनाएंगे बोपन्ना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक में एन श्रीराम बालाजी या युकी भांबरी के साथ जोड़ी बनाएंगे और अखिल भारतीय टेनिस संघ से उसे मंजूरी मिलना तय है। विश्व युगल रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज 44 वर्ष के बोपन्ना शीर्ष दस में होने के कारण अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं। पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल ड्रॉ में 32 टीमें होंगी जिसमें से एक देश अधिकतम दो टीमें रख सकता है।

क्वालीफिकेशन मानदंडों के तहत शीर्ष दस में शामिल खिलाड़ी अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं जो एटीपी या डब्लूटीए रैंकिंग में शीर्ष 300 के भीतर होना चाहिए।
फ्रेंच ओपन के बाद 10 जून की रैंकिंग क्वालीफिकेशन के लिए मान्य होगी। एआईटीए सूत्रों के अनुसार बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के लिए उनके जोड़ीदार के तौर पर टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में शामिल करने के लिए एआईटीए को बालाजी और भांबरी का नाम भेजा है। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा, 'आम तौर पर खिलाड़ी अपना जोड़ीदार खुद चुनता है। चयन समिति उससे विकल्प पूछेगी और उस पर बात की जाएगी। रोहन जिसके साथ भी खेलना चाहेगा, उस पर विचार किया जाएगा।' बालाजी ने हाल ही में जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन के साथ कैगलियारी चैलेंजर टूर्नामेंट जीता था। वहीं भांबरी ने फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती के साथ अप्रैल में म्युनिख में एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता और इस महीने बोर्डो चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे।





# मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट होंगे आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। बाईस वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि आस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के लिए डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं। बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने आस्ट्रेलिया के लिए पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, 'आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जाएंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं।'


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10 भिलाई (छ.ग.) फोन: 0788-2261892, 2264992 ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यत: बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं।

अत: एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/ जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता/जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रसमड़ा शाखा 9752410595 | **मेसर्स एवीएस इंटरप्राइजेस** प्रोप. श्री अखिल नैय्यर पिता श्री अविनाश नैय्यर, शेड नं. 9, जोन ए , इण्डस्ट्रियल एरिया बोराई, रसमड़ा, जिला दुर्ग, छ.ग.- 491001 और श्री अखिल नैय्यर पिता श्री अविनाश नैय्यर, शुक्ला भवन के सामने- केलाबाड़ी, दुर्ग, छ.ग. - 491001 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल लीजहोल्ड इंडस्ट्रियल भूमि एवं शेड और भवन, कुल क्षेत्रफल-804 वर्गमीटर (8650 वर्गफीट),प्लाट नं.-49, जोन ए बोराई, रसमड़ा इंडस्ट्रियल एरिया ग्रोथ सेंटर, तहसील दुर्ग और जिला-दुर्ग (छ.ग.) हैं जो **एवीएस इंटरप्राइजेस** प्रोप. श्री अखिल नैय्यर के नाम पर हैं. सीमाएं : उत्तर- प्लाट नं. 48, दक्षिण - प्लाट नं. 50, पूर्व- क्रॉस स्ट्रीट नं. 1, पश्चिम- प्लाट नं. 24. | 01.02.2024 रु.40,14,267.56 + ब्याज + अन्य प्रभार 15.05.2024 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.

दिनांक: 21.05.2024, स्थान: भिलाई, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

# गोवा में बैठकर आईपीएल में चला रहे थे करोड़ों का सट्टा, 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरबा



शहर के कुछ सटोरिये महाराष्ट्र, हरियाणा, गोवा के अपने साथियों के साथ मिलकर गोवा में बैठकर महादेव पैनल एम-100, एम-151 आईडी पैनल से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टे का अवैध कारोबार का संचालन कर रहे थे। कोरबा पुलिस की टीम ने गोवा के एक फ्लैट में दबिश दी जहां इस कारोबार से जुड़े 7 सटोरियों को दबोचने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सटोरियों के कब्जे से 13 नग लैपटॉप, 48 नग स्मार्ट मोबाइल फोन, 26 पास बुक, 14 चेक बुक तथा 40 ए.टी.एम. कार्ड जब्त किया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही से इस कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

**छत्तीसगढ़ के 4, महाराष्ट्र के 2, हरियाणा का एक आरोपी महादेव पैनल को कर रहे थे ऑपरेट**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टे का अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए फरमान जारी किया था इस कड़ी में पिछले दिनों एण्टी सायबर सेल तथा थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने डीडीएम रोड निवासी प्रतीक विधवानी उम्र 36 वर्ष पिता दयालचंद विधवानी को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से मिले मोबाइल से कई बैंकों के खाते एवं उसके मोबाइल के व्हाट्सएप में ग्रुप बनाकर कई लोगों से पैसे का लेनदेन करते मिला। गिरफ्तार सटोरियों से पूछताछ में पता चला कि उसके अन्य साथी गोवा में बैठकर महादेव एप पैनल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे हैं। गोवा में पुलिस टीम ने जयराम नगर उनिया सण्डेंस बिल्डिंग के पास एक अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर सी 406 में रहकर सट्टा खिला रहे सरगना सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में डीडीएम रोड निवासी प्रतीक विधवानी उम्र 36 वर्ष पिता दयालचंद विधवानी, कटोरा तालाब गली नंबर 3 थाना सिविल लाइन रायपुर निवासी मनीष उदाषी उम्र 36 वर्ष पिता स्व. अमरलाल उदाषी, दयाल नगर सिंधी मोहल्ला वर्धा थाना बाजार चौक जिला वर्धा महाराष्ट्र निवासी सौरभ नरेश मनुज उम्र 22 वर्ष, पिता नरेश मनुज, महादेव घाट रोड सत्य विहार कॉलोनी रायपुर निवासी मधुर सेवल वलेचा उम्र 22 वर्ष पिता सेवल वलेचा, पार्वती नगर गांधीनगर मुर्रा भट्ठी थाना गुढ़ियारी जिला रायपुर निवासी नारायण कुमार निषाद उम्र 23 वर्ष पिता बहरिकराम निषाद, ग्राम बहू थाना व पोस्ट भट्टू जिला फतेहबाद हरियाणा निवासी कुलदीप सिंह उम्र 22 साल पिता शमशेर सिंह, ग्राम बाहरडीह थाना उतई जिला दुर्ग निवासी टिकेंद्र मांडवी उम्र 25 वर्ष पिता हीरामन लाल मांडवी, तुलसी नगर जरी पटका जिला नागपुर महाराष्ट्र निवासी दिनेश दीलीप वासवानी उम्र 30 वर्ष पिता दिलीप वासवानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोरबा लेकर आई है।

**15 हजार में उपलब्ध कराया गया था खाता**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि सटोरियों ने सट्टे की रकम की लेनदेन करने के लिए जिले के 4 युवकों से उनका खाता बतौर लेन देने के लिए प्रतिमाह 15 हजार रुपए में ले रखा था। हर महीने सटोरियों द्वारा खाता का इस्तेमाल करने के एवज में उन्हें 15 हजार रुपए दिया जाता था। जिन युवकों का खाता इस्तेमाल में पाया गया है उनमें पुरानी बस्ती धनवार पारा कोरबा निवासी विजय धारी उम्र 34 वर्ष पिता स्व. सुरेन्द्र धारी, सलियाभाठा करतला निवासी आदित्य प्रसाद खैरवार उम्र 19 वर्ष पिता सुखनाथ खैरवा, सीतामणी निवासी मुन्ना खान उम्र 47 वर्ष पिता मो. सुध्धु, शांतिनगर मुड़ापार निवासी मनीष पाहुजा उम्र 34 वर्ष पिता स्व. राजकुमार पाहुजा शामिल हैं।

# क्या शेर अपने बच्चों को मारकर खा जाते हैं?

**लंदन।** शेर जंगल के सबसे खूंखार शिकारी होते हैं। वे अन्य जानवरों को मारकर अपनी भूख मिटाते हैं। इसीलिए कोई भी जानवर उनके आसपास नहीं फटकते। लेकिन सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति ने पूछा कि क्या शेर अपने बच्चों को मारकर खा जाते हैं? लोगों ने अपने-अपने हिसाब से इस सवाल का जवाब दिया। शेर शेरों को खा लेते हैं? तो इसका जवाब हां और ना दोनों हो सकता है। क्योंकि, शेर कभी भी अन्य शेरों का शिकार कर अपना पेट नहीं भरते। हां, अगर कोई शेर मर चुका है, तो उसके मांस को जरूर नोचते हैं। कई बार आपने सुना होगा कि नर शेर अपने बच्चों को खा जाते हैं। लेकिन यह सामान्य बात नहीं है। अगर वे अपने शावक को मरा हुए पाते हैं, तभी उन्हें खाते हैं। वह भी तब जब वे बहुत भूखे हों और खाना न मिल रहा हो। शेर इसलिए भी मरे हुए शेर को खा लेते हैं, ताकि उस इलाके में दुर्गंध न हो। कुछ उदाहरण ऐसे मिलते हैं, जिसमें शेरनी अपने शावक को मार डालती है और उसे खा लेती है। लेकिन यह तभी होता है, जब शावक किसी वजह से घायल हो जाता है। बीमार हो जाता है या फिर मर जाता है।



RALAS MOTORS: RAIPUR, BALODA BAZAR, MAHASAMUND, SARAIPALI - 7290057246, SHIVNATH AUTOMOBILES: BHILAI, RAJNANDGAON, BALOD, KAWARDHA, BEMETARA - 7290057248, SHIVNATH MOTORS: RAIPUR, GARIBAND - 9667947878, RALAS AUTOMOBILES: DHAMTARI, KANKER, KONDAGAON - 7290057247, BR BALAJI LLP: JAGDALPUR - 8448989091




# पत्नी से रेंट वसूलता है करोड़पति नहीं देता कोई सुख-सुविधा!

**लंदन।** आपने कई बार सुना होगा कि करोड़पति पति अपनी पत्नियों को रानियों की तरह ट्रीट करते हैं। उन्हें कोई काम नहीं करने देते। आपने कई ऐसी खबरें पढ़ी होंगी, जिसमें रईस पति की पत्नी होने की वजह से महिलाएं बहुत कुछ डिमांड कर लेती हैं और उन्हें ये हासिल भी हो जाता है। आज बात एक ऐसी पत्नी की, जो रईस पति के साथ रहने के बाद भी खुश नहीं है। पत्नी की शिकायत है कि उसका पति उसे करोड़पति की बीवी होने का कोई सुख नहीं लेने देता। वो उससे घर में रहने का रेंट भी चार्ज करता है और उसकी छोटी-छोटी चीज़ों का भी बिल नहीं भरता। रिपोर्ट के मुताबिक एक महिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर अपने साथ हो रहे अजीब व्यवहार के बारे में बताया है। उन्होंने बताया है कि उसका पति करोड़पति है, बावजूद इसके वो 17 साल से उससे घर का किराया वसूल रहा है। इन दोनों का रिश्ता पिछले 18 साल से है और 6 साल पहले इनकी शादी हुई है। इनके कोई बच्चे भी नहीं हैं।



Authorised Main Dealer:- RAIPUR- .SAI TVS Fafadih Tel 9821661674. BHARAT TVS G.E. Road Tel 9111499111 HIRA TVS Telibandha Tel. 8527434712 AVVNI TVS Lodhipara Tel. 9630098300, SAI TVS Lalpur Tel 6262222900 SAI TVS Aarang Tel 6262626001, DURG- SSD TVS Tel. 8602816642. BHILAI- ISHAN TVS Tel. 8871212121 8602121212. SACHDEV TVS Tel. 7722909249, 9826122334., RAJNANDGAON: LCK TVS Tel. 7587093217. SHREE SAHAJANAND TVS Tel. 9993237800. DHAMTARI- SCOOTER HOUSE TVS Tel. 8305690952., KANKER- AAYESHA TVS Tel. 9821660146. , JAGDALPUR- MAHAVEER TVS Tel. 9111001971, 224409. DANTEWADA :- BASTAR TVS Tel. 9821661781. DALLIRAJHARA- GURUDEV TVS Tel. 7303658472. MAHASAMUND- AJAY TVS Tel. 9179917004, 8719850001. KONDAGAON- BHARAT TVS Tel. 7786296611. BALODABAZAR-KANIKA TVS Tel. 8979428844. KAWARDHA - Shri Gurunanak TVS Tel. 9993309707, BEMETARA - Shri Arihant TVS Tel. 7000629201.
Authorised Dealer:- Rajim - Arihant Automobiles Tel. 9826113240. Gariyaband - Dikesh Motors Tel- 8720000334. Abhanpur - Om Auto Tel-9893369485. Goharpadar - Ganesh Auto Care Tel. 8319380089. Nawapara - Shri Kushal Auto Tel. 8839487677, Chhura - Patel Automobiles Tel. 8889994949. Pakhanjur - Bengal Cycle and Auto Parts Tel. 9425593572. Charama - N Sai Automobiles Tel. 9039179813. Keshkal - Harsh Automobiles Tel. 7000818373. Kurud - Bhilai Auto Tel. 8982652500. Neora ( Tilda) - Pratik Automobiles Tel. 9300414173. Donde Khurd - R M Motors Tel.9826133734. Sukma - P R Automobiles Tel. 9479011000. Bagbhara - Khalsa Auto Care Tel- 9300210400. Bagbhara - Kaunain Auto Tel- 9685864876.Komakhan - Kanij Auto Care Tel. 9685864876. Jhalap - Shri Balaji Automobiles Tel. 8120004100. Bhanupratapur - Subhash Motors Tel- 9755249656. Birgaon - Om Shree Motors Tel. 8839096897. Chandkhuri Farm - Deepak Auto Tel. 9754500040. Bhanpuri - Kunal Automobiles Tel- 9425516644. Mana Basti - Mani Motors Tel- 8319025275. Ambagarh Chowki - Bharat Auto Tel. 9827196076.Dongargaon - Bharat Auto Tel. 9827196076. Pandatarai - Shri Sai Motor's Tel. 8305728281. Dongargarh - Reyansh Auto Tel. 7415344077. Pandariya - Jyoti Agency Tel. 9893592635. Utai- NAVNEET MOTORS Tel. 9981072555. Patan - Dev Auto Tel. 9981086462. Gurur- Gurudev Motors Tel. 9907796983. Junwani Road - Darsh Motors Tel. 7000414216. Thankhamariya - Shubham Motors Tel. 8085529444. Anda - Siya Motors Tel- 9893533628 Nagpura - Abhi Motors Tel. 9893237240. Bhatapara - Indian Motors Tel. 9302622777. Simga - Avneet Motors Tel. 9300643500. Risali - Naresh Motors Tel. 7898368258. Mohla - Shubham Motors Tel. 9399757956. Balod - Sourabh Motors Tel. 9111151115. Manabasti - Mani Motors Tel. 8319025275. Kumhari- Laxmi Auto Tel. 9770492802. Bijapur - Dhanlaxmi Auto Tel. 9399587930. Nagarnar - Shri Automobiles Tel. 7606090102 Basna - Ajay Motors Tel. 7694994962, 8719850001. Kharora - Pratik Automobiles Tel. 8269934173. NAGRI - Dikesh Auto Tel. 9981761572, Bande - Ramkrishna Auto Tel. 6267093399.Khairagarh - RK Automobile Tel. 7489863424. Narayanpur: Khushi Automobiles Tel. 9406107712.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com